रोहतक
बुधवार, 5 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 34
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 28.8
न्यून. 10.4

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 72,989.99 | 96.01 ▼ |
| निफ्टी | 22,082.65 | 36.65 ▼ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 89,000 /- | 1100/- ▲ |
| चांदी | 98,000/- | 1500/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर\नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 87.30 | 2 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 70.55/ बैरल | 1.49% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

*अमेरिका के रक्षा सहयोग से अलग होने के संभावित फैसले से मुकाबले को तैयार यूरोपीय देश*

# ट्रंप ने रोकी यूक्रेन को सैन्य सहायता तो ईयू ने पेश किया 800 अरब यूरो की रक्षा योजना का प्रस्ताव

भाषा ▶▶| ब्रसेल्स

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को दी जाने वाली सभी अमेरिकी सैन्य सहायता की आपूर्ति को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया। ट्रंप का यह निर्णय अमेरिका के राष्ट्रपति के कार्यालय 'ओवल ऑफिस' में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ एक अभूतपूर्व टकराव के बाद सामने आया है। इसके बाद मंगलवार को यूरोपीय संघ (ईयू) की कार्यकारिणी के प्रमुख ने सदस्य देशों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 800 अरब यूरो (841 अरब अमेरिकी डॉलर) की योजना का प्रस्ताव रखा। इसका मकसद अमेरिका के रक्षा सहयोग से अलग होने के संभावित कदम का मुकाबला करना है और युद्धग्रस्त यूक्रेन को रूस के साथ बातचीत करने के लिए सैन्य ताकत प्रदान करना है जहां अमेरिका ने उसकी सहायता पर रोक लगा दी है।



## यह बोलीं ईयू अध्यक्ष

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि विशाल 'रीआर्म यूरोप' पैकेज को 27 यूरोपीय संघ नेताओं के समक्ष रखा जाएगा, जो अमेरिका में बढ़ती राजनीतिक अनिश्चितता के एक सप्ताह के बाद बृहस्पतिवार को ब्रसेल्स में एक आपातकालीन बैठक में मिलेंगे। वॉन डेर लेयेन ने कहा, 'मुझे उन खतरों की गंभीर प्रकृति का वर्णन करने की आवश्यकता नहीं है जिनका हम सामना कर रहे हैं।' लेयेन की ओर से प्रस्तावित योजना पर मंगलवार को ट्रंप द्वारा यूक्रेन को सैन्य सहायता रोकने के निर्णय से पहले ही काम शुरू हो गया था।


## अब तक अमेरिकी सुरक्षा की छत्रछाया में थे

यूरोपीय संघ के देशों की दुविधा का मुख्य कारण पिछले दशकों में रक्षा पर अधिक खर्च करने की अनिच्छा रही है, क्योंकि वे अमेरिकी सुरक्षा गारंटी की छत्रछाया में थे और उनकी अर्थव्यवस्था सुस्त थी। इसलिए उन्हें ऐसे खर्च को शीघ्र बढ़ाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वॉन डेर लेयेन द्वारा प्रस्तावित योजना के लिए अधिकतर राशि यूरोपीय संघ द्वारा बजटीय खर्च पर लगाए गए वित्तीय अनुशासन में ढील से आएगी, ताकि सदस्य देशों को बिना दंडात्मक कार्रवाई के अपने रक्षा व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि करने की अनुमति मिल सके।

## ऐसे तैयार होगा रक्षा प्रस्ताव

- लेयेन ने बताया, 'यदि सदस्य देश अपने रक्षा व्यय में सकल घरेलू उत्पाद के औसतन 1.5 प्रतिशत की वृद्धि करते हैं, तो इससे चार वर्षों की अवधि में लगभग 650 अरब यूरो (683 अरब अमेरिकी डॉलर) का राजकोषीय प्रावधान हो सकता है।' इसके अतिरिक्त 150 अरब यूरो (157 अरब अमेरिकी डॉलर) का ऋण कार्यक्रम भी होगा, जिससे सदस्य देश रक्षा में निवेश कर सकेंगे।
- सैन्य उपकरणों में सुधार की आवश्यकता है उनमें वायु एवं मिसाइल रक्षा, तोपखाना प्रणाली, मिसाइल एवं गोला-बारूद, ड्रोन एवं ड्रोन रोधी प्रणालियां तथा साइबर तैयारी शामिल हैं। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो)के महासचिव मार्क रूटे ने सदस्य देशों से कहा है कि उन्हें यथाशीघ्र अपने रक्षा खर्च को सकल घरेलू उत्पाद के तीन प्रतिशत से अधिक की दर तक पहुंचना होगा।

## ट्रंप के फैसले से गोला बारूद, हथियारों की आपूर्ति प्रभावित होगी



**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को दी जाने वाली सभी अमेरिकी सैन्य सहायता की आपूर्ति को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की एक खबर में एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि ट्रंप ने यूक्रेन को सभी अमेरिकी सैन्य सहायता की आपूर्ति को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है और यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जिससे "एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के हथियार और गोला-बारूद" की आपूर्ति प्रभावित होगी।

## खबर संक्षेप

### विभागीय परीक्षाः रेलवे के 26 अधिकारी पकड़े

**नई दिल्ली।** रेलवे के 26 अधिकारियों की गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने कहा कि उसने पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) में विभागीय परीक्षा से जुड़े एक गिरोह का भंडाफोड़ करके 1.17 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं। रेलवे अधिकारियों को मुगलसराय में मुख्य लोको पायलट के पदों पर पदोन्नति से जुड़ी विभागीय परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। परीक्षा मंगलवार को होनी थी। भाषा



### चैंपियंस ट्रॉफी : ऑस्ट्रेलिया को हरा फाइनल में भारत

#### कंगारूओं को 4 विकेट से हराया

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली। मैन ऑफ द मैच बने चेज मास्टर विराट कोहली ने 84 रन की अहम पारी खेली और सेमीफाइनल में रन चेज में 3 बड़ी साझेदारियां भी कीं। उन्होंने श्रेयस अय्यर के साथ 91, अक्षर पटेल के साथ 44 और केएल राहुल के साथ 47 रन जोड़े। आखिर में हार्दिक पंड्या ने तेजी से 28 रन बनाए और केएल राहुल ने छक्का मारकर भारत को जीत दिलाई। वे 42 रन बनाकर नाबाद लौटे। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी की और 265 रन का टारगेट दिया। जबाव में भारत ने 48.1 ओवर में ही 267/6 रन बनाए।

- विराट कोहली ने 84 रन की पारी खेली मैन ऑफ द मैच बने
- फाइनल मैच दुबई में ही 9 मार्च को

(खेल पेज भी देखें)

### एनएचएआई निदेशक व सैन्य अफसर तलब

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अंबाला रिंग रोड परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण से जुड़े विवाद को लेकर पश्चिमी कमान के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के परियोजना निदेशक को अदालत में उपस्थित होने के लिए कहा। कोर्ट ने कहा दोनों 20 मार्च को पेश हों। भाषा

### पंजाब : धरने से एसकेएम नेता हिरासत में लिए गए

**लुधियाना/ होशियारपुर।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) द्वारा पांच मार्च को चंडीगढ़ में आयोजित विरोध प्रदर्शन से पहले पंजाब पुलिस ने मंगलवार की सुबह उसके नेताओं के आवासों पर कथित तौर पर 'छापेमारी' की और कई नेताओं को 'हिरासत' में ले लिया या उन्हें 'घर में ही नजरबंद' कर दिया गया। किसान नेताओं और विपक्षी दलों ने पुलिस कार्रवाई के लिए प्रदेश की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की आलोचना की। भाषा

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिए गाइडलाइन बनाने के निर्देश

# राज्य नहीं दे पाए सस्ता इलाज इसलिए बढ़े निजी अस्पताल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि 'राज्य सरकारें किफायती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगाई गई थी, जिसमें कहा गया था कि प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। इसलिए ऐसे अस्पतालों पर नकेल कसी जाए। इसे रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने इस पर सुनवाई की। केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा कि मरीजों को अस्पताल की फार्मेसी से दवा खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं ताकि मरीजों का शोषण न हो।

## प्राइवेट अस्पताल मरीजों को महंगी दवाएं खरीदने पर कर रहे मजबूर

### जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा-कैसे नियंत्रित करें

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'हम याचिकाकर्ता की बात से सहमत हैं, लेकिन इसे कैसे नियंत्रित करें? कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा कि वे प्राइवेट अस्पतालों को कंट्रोल करें, जो मरीजों को अस्पताल की दुकान से दवाई खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। खासकर वे दवाइयां जो किसी और जगह सस्ते में मिल जाती हैं।'



ऐसे अस्पतालों पर नकेल कसी जाए, ताकि लोगों को सस्ता इलाज मिले
■
राज्य सरकारों से कहा, वे प्राइवेट अस्पतालों को कंट्रोल करें

### सभी राज्यों को भेजा नोटिस

कोर्ट ने केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनाने को कहा, जिससे प्राइवेट अस्पताल आम लोगों का शोषण न कर सकें। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सभी राज्यों को नोटिस भेजा था। ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने जवाब दाखिल किए थे। दवाइयों की कीमतों के मुद्दे पर राज्यों ने कहा कि वे केंद्र सरकार के प्राइस कंट्रोल ऑर्डर पर निर्भर हैं। केंद्र सरकार ही तय करती है कि किस दवा की क्या कीमत होगी।

### उचित देखभाल कैसे हो, बताएं

कोर्ट ने राज्यों से पूछा, हम आपसे सहमत हैं। लेकिलन इसका नियमन कैसे किया जाए। मरीजों की उचित देखभाल कैसे हो इसके बारे में बताएं। नागरिको की उचित चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करना राज्यों को कर्तव्य है। लेकिन यह कर्तव्य निभाने में राज्य असमर्थ रहे हैं। इसके कारण इलाज महंगा हुआ और निजी अस्पताल बढ़े।

### केंद्र और राज्यों का जवाब

शीर्ष अदालत में कई राज्यों ने कहा कि हम केंद्र की और से जारी मूल्य नियंत्रण आदेशों पर निर्भर हैं। आवश्यक दवाओं की कीमतें उचित दरों पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए तय की जाती है। वहीं, केंद्र ने जवाब दायर करते हुआ कहा कि मरीजों के लिए अस्पतालों की फार्मेसियों से दवाएं खरीदना कोई बाध्यता नहीं है।

# गुरुग्राम में नाबालिग छात्रा को ब्लैकमेल कर 80 लाख वसूले, आरोपित गिरफ्तार

- फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दे रुपये ट्रांसफर करवाए
- दादी के अकाउंट में थे रुपये, पीड़ित 10वीं कक्षा की छात्रा
- आरोपित से 5.13 लाख रुपये और पीड़ित का डेबिट कार्ड बरामद

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** गुरुग्राम में एक 10वीं कक्षा की छात्रा को ब्लैकमेल कर उससे ऑनलाइन 80 लाख रुपये लूटने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपित ने नाबालिग छात्रा के अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस ने इस मामले में एक और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित से 5.13 लाख रुपये व पीड़ित का डेबिट कार्ड बरामद किया है। पुलिस मामले में अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है और उनसे लगभग 36 लाख रुपये भी रिकवर कर चुकी है। सेक्टर-10 थाना पुलिस में 21 दिसंबर 2024 को एक महिला ने शिकायत दी थी कि उसके बैंक खाते में जमीन के अधिग्रहण करने पर रुपये आए थे। महिला के बैंक खाता की ऑनलाइन बैंकिंग को उसकी 15 वर्षीय पोती चलाती है। उसने शिकायत दी थी कि कई युवकों ने उसकी पोती का अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर व ब्लेकमैल करके 80 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करावाए हैं।

अब तक छह आरोपित गिरफ्तार, 36 लाख रिकवर किए

### छह युवकों व एक युवती पर केस दर्ज

पुलिस ने 6 युवकों और एक युवती के खिलाफ मामला दर्ज करके दिसंबर में ही 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनमें सुमित कटारिया, कुशा निवासी हयातपुर, गुरुग्राम, सुमित तंवर निवासी खुडाना, महेंद्रगढ़ व अमित निवासी गढ़ी हरसरू शामिल थे। मामले में आदित्य व नवीन व एक युवती फरार थे। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान नवीन कुमार निवासी न्यू कॉलोनी हयातपुर रोड गांव गढ़ी हरसरू, गुरुग्राम के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है, ताकि अन्य आरोपियों को पकड़ा जा सके।

## फरीदाबाद में भूकंप के झटके, लोगों में दहशत

**फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** फरीदाबाद में मंगलवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। हालांकि इससे लोग दहशत में आ गए। हालांकि यह झटके बहुत तेज नहीं थे। धरती तब डोली जब अधिकांश लोग अपने घरों में सो रहे थे। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.5 मापी गई। भूकंप का केंद्र जमीन से 6 किलोमीटर नीचे था। हाल के दिनों में दिल्ली-एनसीआर सहित आसपास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके लगातार दर्ज किए जा रहे हैं।

# माधबी बुच समेत 6 अधिकारियों के खिलाफ दर्ज नहीं होगी एफआईआर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच समेत 6 अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने के स्पेशल कोर्ट के आदेश पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को रोक लगा दी। बुच ने स्पेशल कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर जस्टिस एसजी डिगे ने सुनवाई की। हाईकोर्ट ने कहा- शिकायतकर्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। सभी पक्षों को सुनने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि न्यायाधीश ने डिटेल्स में जाए बिना और आवेदकों को उनकी भूमिका बताए बिना आदेश पारित कर दिया है। इसलिए आदेश पर रोक लगा दी गई है। मुंबई के एक स्पेशल एंटी-करप्शन कोर्ट ने शनिवार को शेयर फ्रॉड से जुड़े मामले में एफआईआर का आदेश दिया था। यह आदेश स्पेशल जज एसई बांगर ने ठाणे बेस्ड जर्नलिस्ट सपन श्रीवास्तव की ओर से दायर याचिका पर दिया था।



### हेराफेरी से नुकसान

श्रीवास्तव ने दावा किया कि उन्होंने और उनके परिवार ने 13 दिसंबर 1994 को कैल्स रिफाइनरीज लिमिटेड के शेयरों में निवेश किया था, जिसमें उन्हें भारी नुकसान हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि सेबी और बीएसई ने कंपनी के अपराधों की अनदेखी की। इसे कानून के खिलाफ लिस्ट किया और निवेशकों के हितों की रक्षा करने में विफल रहे। कैल्स रिफाइनरीज को 1994 में लिस्टिंग की अनुमति दी गई थी और अगस्त 2017 में ट्रेडिंग से सस्पेंड कर दिया गया था। ये शेयर आज तक सस्पेंडेड है।

मर्डर का आरोपित उनका करीबी बताया जा रहा

# सरपंच हत्याकांड : महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे का इस्तीफा

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के बीड में सरपंच हत्या मामले में एनसीपी अजित पवार गुट के विधायक और मंत्री धनंजय मुंडे ने मंगलवार को इस्तीफा सौंप दिया है। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मुंडे से इस्तीफा मांगा था। उन्होंने इसके लिए एनसीपी प्रमुख अजित पवार और पार्टी के नेता प्रफुल्ल पटेल से भी बातचीत की थी। राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने कैबिनेट मंत्री मुंडे का इस्तीफा स्वीकार कर लिया।मुंडे महाराष्ट्र सरकार में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री थे। आरोप है कि बीड में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या में मुंडे के करीबी वाल्मीक कराड का हाथ है। एसआईटी ने कराड को हत्या का मास्टरमाइंड बताया है।



राज्यपाल ने भी इस्तीफा स्वीकार किया

### फड़णवीस ने की थी सिफारिश

राजभवन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि राज्यपाल ने फड़णवीस की सिफारिश पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री मुंडे का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। बीड जिले में सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड मामले में राज्य 'सीआईडी' द्वारा मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को आरोपी नंबर-एक के रूप में नामजद करते हुए आरोपपत्र दाखिल किए जाने के बाद फडणवीस ने अपने कैबिनेट सहयोगी मुंडे से इस्तीफा देने को कहा था।


### तबीयत खराब होने के चलते इस्तीफा दिया

बीड जिले में संतोष देशमुख की हत्या के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले, यह मेरी पहले दिन से ही मांग रही है। कल जो तस्वीरें सामने आईं, उन्हें देखकर मुझे बहुत दुख हुआ। इस मामले की जांच पूरी हो चुकी है और कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। जहां तक इस्तीफे की बात है, मेरी तबीयत ठीक नहीं है जिसके चलते मैंने मंत्री पद से इस्तीफा दिया।

जूनियर पहवान हत्याकांड

# पहलवान सुशील को मिली जमानत, जेल से बाहर आए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने ओलंपियन पहलवान सुशील कुमार को मंगलवार को जमानत दे दी। हाईकोर्ट ने सुशील कुमार को 50 हजार के बॉन्ड और इसी राशि के जमानतदारों की गारंटी पर जेल से बाहर आ गए। वह जूनियर पहलवान सागर धनखड़ हत्याकांड मामले में 4 साल से तिहाड़ जेल में बंद था। सुशील पर आरोप है कि उसने 2021 में दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम की सागर धनखड़ और उसके दो दोस्तों पर जानलेवा हमला किया था। इस हमले में सागर धनखड़ की मौत हो गई थी। जांच में सामने आया था कि यह हमला युवा पहलवानों में वर्चस्व बनाने और प्रॉपर्टी विवाद के लिए किया गया था।



सोनीपत के जूनियर पहलवान को मारा था

4 साल से तिहाड़ में, ओलंपिक में दो मेडल जीते थे

# केंद्रीय मंत्री की बेटी से छेड़छाड़ मामले में 4 आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| जलगांव

महाराष्ट्र के जलगांव में केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे की बेटी से छेड़छाड़ मामले में पुलिस ने 4 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। वहीं, 3 आरोपियों की तलाश अब भी जारी है।जलगांव एसपी महेश्वर रेड्डी के मुताबिक, छेड़छाड़ मामले में 2 मार्च को मुक्ताईनगर पुलिस स्टेशन में 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। इनमें से 4 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनका नाम अनिकेत भोई, किरण माली, अनुज पाटिल है। आरोपित अनिकेत का पिछला आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। चौथा आरोपित नाबालिग है। महेश्वर रेड्डी ने कहा कि 3 आरोपितों को कोर्ट में पेश कर 2 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। बचे आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इस घटना की अच्छी से जांच की जाएगी और अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने की कोशिश करेंगे।



मामले में कुल सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, तीन अभी फरार

**आह्वान** पीएम मोदी बोले, आज विश्व में भारत एक भरोसेमंद साझेदार

*विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए दो मिशन शुरू होंगे*

# भारत पर भरोसा जता रही दुनिया उद्योग जगत इसका लाभ उठाए

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय उद्योग जगत से ऐसे समय में वैश्विक अवसरों का लाभ लेने के लिए 'बड़े कदम' उठाने का आह्वान किया, जब दुनिया भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए दो मिशन शुरू करेगी। नियामकीय, निवेश और कारोबारी सुगमता के सुधारों पर बजट-बाद वेबिनार को संबोधित करते हुए मोदी ने उद्योग जगत से ऐसे नए उत्पादों की पहचान करने को कहा, जिनका विनिर्माण देश में किया जा सके और वैश्विक मांग को पूरा किया जा सके। मोदी ने उद्योग जगत से कहा, "हमारा देश ये करने में सक्षम है, आप सभी (उद्योग जगत) सक्षम हैं, ये हमारे लिए बहुत बड़ा अवसर है। मैं चाहता हूं कि हमारा उद्योग जगत दुनिया की इन अपेक्षाओं को सिर्फ दर्शक बनकर न देखे। हम दर्शक बनकर नहीं रह सकते, आपको इसमें अपनी भूमिका तलाशनी होगी, आपको अपने लिए अवसर तलाशने होंगे।"



उद्योग जगत दुनिया की अपेक्षाओं को दर्शक बनकर न देखे
■
हम दर्शक बनकर नहीं रह सकते, आपको भूमिका तलाशनी होगी

### उद्यमियों को दो करोड़ तक का कर्ज देंगे

प्रधानमंत्री ने देशभर में छह करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मझोली इकाइयों को समय पर और कम लागत वाले धन तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ऋण वितरण के नए तरीके विकसित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। पहली बार उद्यम शुरू कर रही पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के उद्यमियों को दो करोड़ रुपये तक का कर्ज दिया जाएगा।

### भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का इंजन

मोदी ने कहा, आज भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए वृद्धि का इंजन है। भारत ने कठिन समय में भी अपनी जुझारू क्षमता साबित की है। आज हर देश भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहता है। हमारे विनिर्माण क्षेत्र को इस साझेदारी का लाभ उठाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की निरंतरता और सुधारों के प्रति भरोसे के कारण उद्योग जगत को नया आत्मविश्वास मिला है।

### सभी के लिए रास्ते खुले

मोदी ने कहा, "मैं विनिर्माण और निर्यात क्षेत्र के हितधारकों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि आने वाले वर्षों में भी यह जारी रहेगा। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और बड़े कदम उठाएं। देश के विनिर्माण और निर्यात क्षेत्र के लिए नए रास्ते खुले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि एमएसएमई को न केवल कर्ज, बल्कि मार्गदर्शन की भी जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### लॉटरी निकलने का झांसा देकर ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम साउथ एरिया में जालसाजों ने साठ लाख रुपए की लॉटरी निकलने का लालच देकर एक युवक से 97,998 रुपए ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।पुलिस को दी शिकायत में भोंडसी के पिंटू सिंह ने कहा कि बीती चार फरवरी को उसके पास एक व्हॉट्सअप कॉल आई। जिसमें कॉलर ने पिंटू सिंह से उसकी साठ लाख रुपए की लॉटरी निकलने की बात कही। इसके लिए पिंटू सिंह से एक लाख रुपए जमा कराने को कहा। जिसके बाद पिंटू सिंह ने मनी ट्रांसफर शॉप पर जाकर दो बार में कुल 97,998 रुपए दिए गए अकाउंट में डलवा दिया। इसके बाद पिंटू सिंह ने उस नंबर पर कॉल की तो उसका फोन ही नहीं पिक किया गया।

### कॉन्सर्ट के फर्जी टिकट बेचने का आरोपी धरा

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम साउथ एरिया में सिंगर दलजीत के कॉन्सर्ट के लिए फर्जी तरीके से टिकट बेचने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जोमेटो के नाम से फर्जी वेबसाइट बनाकर फर्जी तरीके से कॉन्सर्ट की टिकट बेच रहा था। आगामी पूछताछ के लिए आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस मामले की आगामी कार्रवाई कर रही है।एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान ने बताया कि बीती 17 सितंबर 2024 को जोमेटो की ओर से साइबर क्राइम साउथ थाना में शिकायत दी कि जोमेटो के नाम से फर्जी वेबसाइट्स, ई-मेल बनाकर और इंस्टाग्राम के माध्यम से सिंगर दिलजीत के कंसर्ट के ऑनलाइन टिकट बेचकर धोखाधड़ी की है।

### पिस्टल दिखाकर दुकानदार से लूटपाट

**गुरुग्राम।** सेक्टर-65 थाना एरिया में पिस्टल दिखाकर दुकानदार से मारपीट करने व लूटपाट व धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में कादरपुर के सोनूराज ने कहा कि बीती सांय वह अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान विश्वास नाम का युवक आया और उसके साथ झगड़ा करने लगा। आरोपी ने पिस्टल दिखाते हुए उसके साथ मारपीट की और दुकान में रखी नकदी लेकर चला गया।

### ट्राले की टक्कर से कार सवार युवक की मौत

गुरुग्राम। सेक्टर-10 एरिया में द्वारका एक्सप्रेस वे ट्राला की टक्कर से कार सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।पुलिस को दी शिकायत में चरखी दादरी के सोमवीर ने कहा कि उसका भाई सुनील कुमार किसी काम से गुडग़ांव गया था। वह 3 फरवरी की देर रात अपनी वेगनार कार से द्वारका एक्सप्रेस वे से आ रहा था। इसी दौरान ट्राले ने टक्कर मार दी।

# रेवाड़ी पुलिस ने बिहार से पांच साइबर ठग पकड़े, देशभर में 82 वारदातों का खुलासा

■मुसेपुर के वेदप्रकाश के खाते से आरोपियों ने निकाले थे 5.23 लाख ■जांच करते हुए बिहार पहुंची थी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस को देश भर में लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाने वाले बड़े गिरोह का पर्दाफाश करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बिहार से गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से बैंकों की पासबुक, चेक बुक, अकाउंट किट, एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन व सिमकार्ड बरामद किए गए हैं। आरोपियों के देश भर साइबर ठगी के 82 मामलों में संलिप्तता पाई गई है।

#### पुलिस ने रिमांड पर लिया

उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान साइबर ठगी के अन्य मामलों का खुलासा होने की भी उम्मीद है। गत 10 जनवरी को मुसेपुर निवासी वेदप्रकाश ने एनसीआरपी पोर्टल पर एक शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि वह उसके पास एक एप भेज रहा है।

उसे इंस्टाल करने के बाद बैंकिंग की सभी सुविधाएं मोबाइल फोन पर ही मिल सकेंगी। इसके बाद उसके पास एक एप भेजी गई, जिसे इंस्टाल करने के बाद उसके बैंक खाते से 5.23 लाख रुपये डेबिट हो गए। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच में पता चला कि वेदप्रकाश के खाते से ट्रांसफर की गई रकम बिहार के नाहर रोड बजरंगपुरी गईघाट पटना निवासी हाराप्रसाद बिसवाल के खाते में गई है। वह मूल रूप से उड़ीसा का रहने वाला है। एसपी मयंक गुप्ता ने साइबर थाना पुलिस से एक टीम को बिहार रवाना किया था।

पुलिस टीम को बिहार पहुंचने के बाद हाराप्रसादके साथ-साथ उड़ीसा के शंकरपुर गांव निवासी बीनू नायक, बिहार के परसबीगा निवासी राजू कुमार, बिहार के बलौरा निवासी मनु कुमार व बिहार के ही बैसानी टोला निवासी राहुल उर्फ सन्नी भी एक मकान में मिल गए। पुलिस ने पांचों को मौके पर ही दबोच लिया।

**ये खुलासा**

- आरोपी पहले मोबाइल पर लिंक भेजकर एप इंस्टाल करवाते थे
- आरोपियों से बैंकों की चेक बुक, पास बुक, एटीएम कार्ड, सिमकार्ड, मोबाइल फोन व अकाउंट किट बरामद



#### आरोपितयों से 39 मोबाइल फोन बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बैंकों की 36 पास बुक, 55 चेक बुक, 35 अकाउंट किट, 39 मोबाइल फोन, 98 एटीएम कार्ड व 14 सिमकार्ड बरामद किए हैं। एसपी मयंक गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि आरोपी राहुल सन्नी के खिलाफ बिहार की आर्थिक अपराध शाखा में एक केस दर्ज होना पाया गया है। आरोपियों से मिले दस्तावेजों की जांच करने पर देश में 82 वारदातों को खुलासा हुआ है। रेवाड़ी वेदप्रकाश के बैंक खाते में 5 लाख रुपये फिक्स डिपोजिट के रूप में जमा थे। मोबाइल फोन पर एप डाउनलोड करने के बाद साइबर ठगों ने रिमोट के जरिए पहले उसकी एफडी तोड़ने का काम किया। इसके बाद एफडी की रकम को सेविंग अकाउंट में डालकर दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिया। डायल-1930 पर शिकायत दर्ज कराने के बाद संबंधित बैंक खाते को सीज कर दिया गया था। पूछताछ के दौरान अभी आरोपियों के कब्जे से ठगी की कोई रकम बरामद नहीं हुई है, परंतु उनके बैंक खातों को खंगाला जा रहा है।


## सात साल की बेटी को भाखड़ा नहर में फेंका, पिता गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने बेटी की हत्या मामले में आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्ग-निर्देश में थाना सदर थानेसर पुलिस की टीम ने हत्या मामले की गुत्थी सुलझाते हुए बेटी की हत्या करने के आरोप में ललित महतों वासी खेडी मारकंडा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2 मार्च 25 को थाना सदर थानेसर पुलिस को दी अपनी शिकायत में खेडी मारकंडा वासी महिला ने बताया कि 1 मार्च 25 को उसकी 7 साल की बेटी स्कूल गई थी । उसके पिता आधार कार्ड बनवाने के बहाने से स्कूल से उसकी बेटी को लेकर आया था। शाम के समय जब लडकी घर नही आई तो उसने अपने पति से पूछा तो उसने बताया कि वह लडकी को सिन्धु बॉर्डर दिल्ली में किसी रिश्तेदार के पास छोड़कर आया है। उसके बताये अनुसार जब वह अपनी बेटी को लेने के लिए दिल्ली गई तो आईएसबीटी बस स्टैंड पर उसका पति उसको छोड़कर भाग गया। जिसकी शिकायत पर थाना सदर थानेसर में गुशुदगी का मामला दर्ज करके जांच की गई।

■ आरोपी आधार कार्ड बनवाने के बहाने से बच्ची को स्कूल से गया था

थाना सदर थानेसर प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक परमजीत सिंह व हवलदार कर्मबीर सिंह की टीम ने बेटी की हत्या करने के आरोप में ललित महतों वासी खेडी मारकंडा को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी को अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने बेटी को भाखड़ा नरवाना नहर में फैंक दिया था। गोताखोर की टीम नहर मे बच्ची की तलाश कर रही है।



बचाव अभियान चलाती गोताखोर टीम।

#### सर्च अभियान चल रहा

सदर थाना प्रभारी बलजीत सिंह का कहना है कि नहर में गोताखोर व एसडीआएफ की टीमों ने सर्च अभियान चलाया है। पुलिस इस मामले पर नजर बनाए हुए है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी ललित की पत्नी शांति की शिकायत पर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## न्यूनतम वेतन रिवाइज कर 26 हजार प्रतिमाह करें : सीटू

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मजदूरों एवं स्कीम वर्कर के प्रमुख संगठन की हरियाणा की राज्य कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को श्रम आयुक्त मनीराम शर्मा और अतिरिक्त श्रम आयुक्त अनुराधा लाम्बा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिसमें न्यूनतम वेतन रिवाइज करते हुए महंगाई के दृष्टिगत 26 हजार करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मजदूरों को इससे कम बिल्कुल स्वीकार नहीं होगा। प्रतिनिधिमंडल में सीटू प्रदेश महासचिव जय भगवान, उपाध्यक्ष सतबीर सिंह और कोषाध्यक्ष विनोद कुमार शामिल थे। सीटू नेताओं ने श्रम आयुक्त को कहा कि राज्य में न्यूनतम वेतन 2015 में रिवाइज किया था। कानूनी रूप से यह 5 साल के अंतराल के बाद यानी 2020 में रिवाइज होना चाहिए था। लेकिन राज्य सरकार ने इसे पांच साल तक लटका कर रखा है। प्रदेश के लाखों मजदूरों को करोड़ों-अरबों रुपए की मजदूरी का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि 2015 में राज्य का न्यूनतम वेतन दिल्ली सहित सभी पड़ोसी राज्यों से ज्यादा था। लेकिन इस अरसे में दिल्ली का न्यूनतम वेतन 17 हजार से ज्यादा हो गया ओर हरियाणा के मजदूरों को करीब 10 हजार मिल रहा है।

■ सीटू के प्रतिनिधिमंडल ने श्रम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

## बिजली के पुराने व कम लोड वाले तार बदले जाएंगे : विज

**चंडीगढ़।** ऊर्जा और श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि ऊर्जा विभाग में इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए उनके द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं और इसी कड़ी में यमुनानगर में 800 मेगावाट का नया बिजली संयंत्र स्थापित किया जा रहा हैं और इसके लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसी प्रकार से बिजली की पुरानी तार/कम लोड वाली तारों को भी बदला जाएगा।

इसके अलावा विज ने बताया कि पुरानी बसों को बदलने के साथ-साथ बस अड्डों की हालत में भी सुधार कर आधुनिक रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हर जिले में ड्राइविंग स्कूल स्थापित होंगे और प्रत्येक जिले में ऑटोमेटिक वॉशिंग मशीन सिस्टम और ऑटोमेटिक सिस्टम फॉर चेकिंग व्हीकल फिटनेस स्थापित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। ऐसे ही, प्रत्येक जिले में श्रमिकों के लिए एयर कंडीशन अस्पताल स्थापित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं ताकि श्रमिकों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।



- ऊर्जा विभाग के इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ किया जा रहा
- यमुनानगर में नया बिजली संयंत्र बन रहा

## नकली नोट चलाने के चार दोषियों को 10-10 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर सिंह की अदालत ने मंगलवार को नकली नोटों के मामले में चार दोषियों गांव अलीपुरा निवासी सुरेंद्र उर्फ नन्हा, गांव उझाना निवासी बलराज, गांव धरौदी निवासी सुखदेव तथा गांव घसो कलां निवासी नवीन को 10 साल कैद व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार सीआईए स्टाफ 2 की टीम अपराधों की रोकथाम पांच जून 2016 कोपुराना बस अड्डा उचाना पर मौजूद थी। तभी सूचना मिली कि गांव धरौदी निवासी सुखदेव नकली नोट देने का धंधा करता है और नया बस अड्डा उचाना के पास है। जिसे नकली नोटों सहित काबू किया जा सकता है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी कर सुखदेव को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसकी पेंट की जेब से 15 हजार रुपये के नकली नोट बरामद हुए। जिस पर उचाना थाना पुलिस ने सुखदेव के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस जांच में गांव अलीपुरा निवासी सुरेंद्र उर्फ नन्हा, गांव उझाना निवासी बलराज के नाम उभर कर सामने आए। जिस पर पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर सिंह की अदालत ने चारों को दोषी करार देते हुए 10 साल कैद व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर एक साल की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।



■ 2016 में पुलिस ने बरामद किए थे 15 हजार रुपये के नकली नोट

## दुर्घटना हुई तो कैंटर में मिले गोवंश

**बहादुरगढ़।** केएमपी पर स्थित बादली टोल के पास एक कैंटर और कार की टक्कर हो गई। दुर्घटना के दौरान कैंटर की जांच की तो उसमें बेहाल अवस्था में गोवंश पाए गए। आरोपी कैंटर चालक पर पशु क्रूरता अधिनियम, हरियाणा गोवंश संरक्षण अधिनियम, एक्सीडेंट करने आदि धाराओं के तहत बादली थने में केस दर्ज हुआ है।

पुलिस को दी शिकायत में कैथल के निवासी सुनील का कहना है कि सोमवार को वह केएमपी से होते हुए गुरुग्राम जा रहा था। जब बादली टोल के निकट पहुंचा तो पीछे से एक कैंटर ने टक्कर मार दी। इसके बाद उसने कैंटर चालक को पकड़ लिया। उसने अपना नाम रिजवान निवासी नूंह बताया। शंका हुई तो तिरपाल हटाकर उसका कैंटर चेक किया। कैंटर में ठूस ठूस कर गोवंश भरे हुए थे। कुछ गाय घायल तो संभवतः कुछ की मौत भी हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

■ पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच की शुरू

## पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से दिनभर चली तेज हवाएं

- मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार तेज हवाएं चलने से तापमान में आएगी गिरावट
- रात का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज
- तेज हवाएं चलने से फसलों को हो सकता है नुकसान

**नारनौल।** एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से पहले फरवरी महीने और अब मार्च महीने की शुरूआत में लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। पश्चिमी मौसम प्रणालियों से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर बर्फबारी व मैदानी राज्यों में बारिश तथा ओलावृष्टि हुई। सोमवार को भी एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर लगातार बर्फबारी व मैदानी राज्यों में बारिश, जबकि हरियाणा में केवल पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल में हल्की बारिश व बूंदाबांदी हुई, जबकि मंगलवार को यह मौसम प्रणाली भी सम्पूर्ण इलाके से आगे निकल गई। इसके बाद एक बार फिर से सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर उत्तरी पश्चिमी हवाओं का रूख हो जाएगा। ये उत्तरी पश्चिमी हवाएं सम्पूर्ण इलाके पर 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी और आने वाले तीन चार दिनों तक लगातार चलती रहेगी जिसकी वजह हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि के तापमान में 5.0 डिग्री सेल्सियस से 8.0 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जाएगा, जबकि दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में भी नौ मार्च व 12 मार्च को एक के बाद एक दो कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके में मौसम में हल्का बदलाव व तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा, जबकि उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर हल्की बर्फबारी की संभावना है। मार्च महीने के पहले पखवाड़े में ठंड व र गर्मी में अपने आस्तित्व की जंग देखने को मिलेगी। किसान भाइयों को सलाह दी जाती है आने वाले तीन चार दिनों तक सिंचाई न करें, क्योंकि तेज गति से हवाएं चलने से पकी हुई फसलों में नुकसान पहुंच सकता है।

**प्रदेश कांग्रेस प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने नेताओं को बुलाया, कई अहम मुद्दों पर होगी चर्चा**

# प्रदेश कांग्रेस की दिल्ली में बैठक आज बजट सत्र को लेकर भी रणनीति बनेगी

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की दिल्ली में अब अहम बैठक बुधवार पांच मार्च को होगी। यह पहले छह मार्च को करने की तैयारी थी। कांग्रेस हाईकमान और नए प्रभारी बीके हरिप्रसाद द्वारा बुलाई बैठक कई मायनों में अहम मानी जा रही है। बतौर हरियाणा कांग्रेस प्रभारी कमान संभालने वाले बीके हरिप्रसाद ने दिल्ली कांग्रेस के नए भवन में यह बैठक बुलाई है। जिसमें नेता विपक्ष और बजट सत्र सहित तमाम विषयों पर चिंतन मंथन होगा। कांग्रेस के नेताओं की यह बैठक पहले छह को बुलाई थी लेकिन अब यह पांच मार्च को होने जा रही है। बुधवार को नई दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में होने वाली इस बैठक में हरियाणा के बजट सत्र सात मार्च को लेकर विचार विमर्श होगा। इस सत्र से पहले हो रही यह बैठक राजनीतिक रूप से अहम है। कांग्रेस के अधिकांश विधायकों को उम्मीद है कि बैठक में विधायक दल का नेता चुन लिया जाएगा। कांग्रेस विधायक दल के नेता चुने जाने पर सभी की नजरें लगी हुई हैं, साथ ही कांग्रेस के विधायकों को अब उम्मीद है कि बजट सत्र में कोई ना कोई चेहरा हाईकमान देगा। इसके अलावा राज्य में कांग्रेस के संगठन और प्रदेशाध्यक्ष को लेकर मंथन होगा। हरियाणा के विधानसभा चुनाव में जीत की बाजी हाथ से निकल जाने के बाद में यह पहला मौका होगा हरियाणा कांग्रेस के नेताओं की बैठक पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में होने जा रही है। इस बार की बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भी शामिल होने की बात कही जा रही है। प्रभारी बीके हरिप्रसाद और सह-प्रभारी जितेंद्र बघेल, प्रफुल्ल पटेल बैठक में मौजूद रहेंगे।

■ पूर्व सीएम हुड्डा, सैलजा सहित दिग्गज नेता जुटेंगे


#### सीएलपी का फैसला संभव

विधानसभा चुनावों के नतीजे 8 अक्तूबर, 2024 को घोषित हुए थे। इसके बाद से अभी तक कांग्रेस विधायक दल का नेता नहीं चुना जा सकता है। विधायक दल का नेता विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनेगा। इसी तरह से पार्टी के चीफ व्हिप सहित दूसरे पदों का भी फैसला होना अभी तक बाकी है। 2019 से 2024 तक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा विधायक दल के नेता और नेता प्रतिपक्ष रहे। कांग्रेस की गुटबाजी और आपसी कलह के चलते सीएलपी लीडर का फैसला लटका हुआ है।

#### प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति का मामला भी उठेगा

उदयभान के हाथों में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की कमान है। विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद से ही प्रदेश नेतृत्व में बदलाव की बातें चल रहीं हैं। हालांकि विधायक दल के नेता और प्रदेशाध्यक्ष के पद आपस में कनेक्ट हैं। इन दोनों पदों पर जातिगत समीकरणों के हिसाब से नियुक्ति होनी है। बैठक में नए प्रदेशाध्यक्ष को लेकर भी प्रदेश कांग्रेस के नेताओं से फीडबैक लिया जा सकता है। 7 से सत्र शुरू हो रहा है, अगर कांग्रेस विधायक दल नेता नहीं चुना गया, तो दूसरा सत्र होगा, जिसमें बिना नेता विपक्ष के कांग्रेस को सत्तापक्ष के तंज का सामना करना पड़ जाएगा। दूसरा विधानसभा में चुनाव के नतीजे आने के बाद से कांग्रेस के अंदर हार के बाद की रार का सिलसिला जारी है। चार माह बीत जाने के बाद भी कोई बदलाव अथवा हार की समीक्षा, नेता विपक्ष के चुनाव करने, संगठन को खड़ा करने जैसा कोई भी काम नहीं हो पा रहा है। नेता विपक्ष का भले ही हाईकमान ने नाम तय नहीं किया हो लेकिन पूर्व सीएम और पूर्व नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ही ज्यादा मजबूत नजर आ रहे हैं। अधिकांश विधायक भी उनके पक्ष में खडे नजर आते हैं। हालांकि पूर्व सीएम और वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा अब इस बारे में हाईकमान पर ही अंतिम फैसले की बात कर रहे हैं।

#### हाईकमान ने प्रमुख नेताओं को दिया निमंत्रण



बैठक में प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद सैलजा, राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला भी शामिल होंगे। बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह, कांग्रेस के ओबीसी विभाग राष्ट्रीय चेयरमैन और पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अजय यादव, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, सांसद जयप्रकाश 'जेपी', सांसद वरुण चौधरी और सांसद सतपाल ब्रह्मचारी के अलावा तीनों कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारद्वाज, रामकिशन गुर्जर और सुरेश गुप्ता को और कांग्रेस विधायकों को भी आमंत्रित किया है। प्रदेश कांग्रेस के सभी नेता बैठक की तैयारियों में जुटे है।




## बोर्ड की परीक्षाओं में नकल के 38 मामले पकड़े, 8 पर्यविक्षक ड्यूटी में लापरवाही पर कार्यमुक्त

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ मुनीष नागपाल, ने बताया कि मंगलवार को सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक व मुक्त विद्यालय) भौतिक विज्ञान/अर्थशास्त्र एवं डीएलएड(रि-अपीयर/मर्सी चांस)विषय की परीक्षा सुव्यवस्थित व शान्तिपूर्वक संचालित हुई। कुछ परीक्षा केन्द्रों पर नकल के कुल 38 मामले दर्ज किए गए। प्रदेशभर में 1070 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित हुई सीनियर सेकेण्डरी एवं डीएलएड की परीक्षा में 76,440 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए।उन्होंने बताया कि बोर्ड अध्यक्ष के उडऩदस्ते द्वारा जिला-सोनीपत के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया, जहां अनुचित साधन के 3 मामले एवं बोर्ड सचिव के उडऩदस्ते द्वारा जिला-भिवानी के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया, जहां नकल क3 मामले दर्ज किए गए। उप-सचिव (संचालन) उड़नदस्ते द्वारा नकल के 6 मामले दर्ज किए गए तथा परीक्षा केन्द्र नूंह-16 फिरोजपुर नमक से पर्यवेक्षक सुभाष चंद,को ड्यूटी से कार्यभार मुक्त कर दिया गया। नकल पर अकुंश लगाने के लिए बोर्ड द्वारा गठित किए गए अन्य उडऩदस्तों द्वारा प्रदेशभर में नकल के 26 मामले दर्ज किए गए।

#### डॉ. नागपाल ने संभाला बोर्ड सचिव का पदभार

**भिवानी।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सचिव का पदभार संभाल लिया है । राज्य सरकार ने हाल में अपने आदेशों के तहत डॉ मुनीष नागपाल को बोर्ड सचिव का अतिरिक्त पदभार सौंपा है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत डॉ मुनीष नागपाल ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा का स्तर उन्नत करने के लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा हर संभव प्रयास किए जाएंगे। डॉ नागपाल ने कहा कि परीक्षाओं को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा स्पष्ट दिशा -निर्देश जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में नकल को रोका जाएगा।

## दो दिन पहले खरीदी थी कार, पलटने से युवक की मौत, एक गंभीर



**कैथल।** सीवन खंड के पोलड़ गांव में एक स्विफ्ट कार गड्ढे में लगने के बाद अनियंत्रित हुई। इसके बाद सामने से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी, जिससे कार अनियंत्रित होकर ईंटों के ढेर पर पलट गई। इस हादसे में सीवन निवासी 18 वर्षीय युवक अनमोल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार में सवार उसका 19 वर्षीय दोस्त अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी अनुसार यह हादसा सोमवार देर रात हुआ। ये युवक सीवन से पोलड़ किसी काम से जा रहे थे। जैसे ही पोलड़ में प्रवेश किया तो उनकी कार सड़क पर आए गड्ढे के कारण अनियंत्रित हुई। वहीं, सामने से आ रही अज्ञात गाड़ी ने उनकी कार को टक्कर मार दी। इससे उनकी कार दूसरी तरफ लगे ईंटों के ढेर पर जा पलटी। जिस कार में यह हादसा हुआ, वह अनमोल के दूसरे दोस्त साहिल की थी और उसने यह कार दो दिन पहले ही खरीदी थी। सीवन थाना में दी गई शिकायत में चीमा कॉलोनी सीवन निवासी मृतक के चाचा हरविंदर सिंह ने बताया कि वह खेती बाडी का काम करता हैं। वह दो भाई व एक बहन हैं। सभी शादीशुदा हैं।

# सेंसेक्स 73,000 अंक से नीचे फिसला

## निफ्टी में लगातार दसवें दिन गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में नुकसान में रहा और यह 96 अंक की गिरावट के साथ 73,000 अंक के नीचे बंद हुआ। शुल्क युद्ध को लेकर चिंता गहराने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी के बीच वैश्विक बाजारों में गिरावट का असर स्थानीय बाजार पर भी पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 96.01 अंक गिरावट के साथ 72,989.93 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 452.4 अंक तक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 18 नुकसान में, जबकि 12 लाभ में रहे। एनएसई के मानक सूचकांक निफ्टी में लगातार 10वें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 36.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,082.65 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 22,000 अंक के नीचे 21,974.45 अंक पर खुला लेकिन बाद में इसने कुछ नुकसान की भरपाई कर ली। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, सन फार्मास्युटिकल्स, इन्फोसिस, मारुति सुजुकी इंडिया, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, जोमैटो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं।



### व्यापार तनाव बढ़ने से गिरावट

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "घरेलू बाजार आज के निचले स्तर से ऊपर आने में सफल रहा लेकिन वैश्विक व्यापार तनाव बढ़ने से संबंधित प्रतिकूल संकेतों के कारण यह गिरावट के साथ बंद हुआ।"

# सेबी की कुल आय 48 फीसदी बढ़कर 2,075 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूंजी बाजार नियामक सेबी की कुल आय वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर 48 प्रतिशत बढ़कर 2,075 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। शुल्क और सदस्यता से आय बढ़ने से कुल आमदनी बढ़ी है।सेबी के मंगलवार को सार्वजनिक किए गए वर्ष 2023-24 के वार्षिक खातों के विवरण के अनुसार, कुल आय में से, नियामक ने 1,851.5 करोड़ रुपये की शुल्क आय अर्जित की, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में अर्जित 1,213.22 करोड़ रुपये से कहीं अधिक है। इसके अतिरिक्त, निवेश से होने वाली आय 161.42 करोड़ रुपये से बढ़कर 192.41 करोड़ रुपये हो गई और अन्य आय 15 करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 18 करोड़ रुपये हो गई। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने माना कि शुल्क और सदस्यता इसकी आय के प्रमुख स्रोत हैं। आय की इस श्रेणी में वार्षिक शुल्क और सदस्यता से होने वाली आय, स्टॉक एक्सचेंजों से सूचीबद्धता शुल्क का योगदान, कंपनियों और बाजार अवसंरचना संस्थानों द्वारा दाखिल पंजीकरण, नवीनीकरण, आवेदन और प्रस्ताव दस्तावेजों से होने वाली आय शामिल है।

**पिछले वित्त वर्ष में 1404.36 करोड़ रही**

वार्षिक खातों से पता चला कि कुल मिलाकर, बाजार नियामक की कुल आय 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में बढ़कर 2,075 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 1,404.36 करोड़ रुपये थी। यह 48 प्रतिशत की वृद्धि है।

## जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने पवन ऊर्जा क्षमता जोड़ी

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने मंगलवार को मार्च तिमाही में 159 मेगावाट पवन ऊर्जा जोड़ने की घोषणा की। इसके साथ ही कंपनी की परिचालन बिजली उत्पादन क्षमता 8,400 मेगावाट के पार हो गई। कंपनी ने बयान में कहा कि यह अतिरिक्त क्षमता पवन मौसम से पहले उपलब्ध है और चरम स्थिति के दौरान बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए तैयार है। ,

**NOTICE**

I, Sukhbir S/o Sh. Kewal Singh R/o H.No. 74, Block No. 308, Bharon Khera (46), Jind declare that I have changed my name from Rakesh to Sukhbir. Sukhbir & Rakesh both are the names of one and the same person.

**सूचना**

मैं, सुषमा (SUSHMA) पत्नी श्री कुलदीप सिंह (KULDEEP SINGH) निवासी शिवाजी मार्ग के पास विद्या नगर, महम रोड, भिवानी, हरियाणा बयान करती हूँ कि मैंने मेरा नाम सुषमा (SUSHMA) से बदलकर सुषमा जागलान (SUSHMA JAGLAN) पत्नी श्री कुलदीप सिंह जागलान (KULDEEP SINGH JAGLAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे सुषमा जागलान (SUSHMA JAGLAN) पत्नी श्री कुलदीप सिंह जागलान (KULDEEP SINGH JAGLAN) नाम से जाना व पहचाना जाये।

कार्यालय : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी गारण।

**! खुली बोली!**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव ढाणी गारण के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी गारण में विभाग द्वारा कंडम घोषित नौ कमरों बरामदा सहित की खुली बोली 10 मार्च 2025 को सुबह 9:00 बजे विद्यालय प्रांगण में होगी। जिनकी रिजर्व वैल्यू 485000 रुपए है। अत आप सभी बोली दाता निर्धारित धरोहर राशि ₹50000 बोली से पहले DD/ BANK CHEQUE के माध्यम से कार्यालय में जमा करवाते हुए बोली में शामिल हो सकते हैं। बाकी नियम व शर्तें समय पर सुनवाई जाएगी।

SMC GSSS DHANI GARAN
PRINCIPAL GSS DHANI GARAN, Barwala (Hisar)

**PUBLICATION NOTICE**
**National Consumer Disputes Redressal Commission Govt. Of India**
Constituted Under the Consumer Protection Act, 1986
Ph.. 011-24608735; 011-24608756
Email-Fa.ncdre@gmail.com
Upbhokta Nyay Bhawan 'F'- Block, General Pool Office Complex, INA, NEW DELHI-110023
**First Appeal No. 496/2018** with:
1A/6359/2018,1A/6360/2018,1A/6361/2018,IA/10282/2018,IA/4972/2021,1A/4973/2021,IA/3602/2024,1A/7444/2024
(Against the order dated 04 Jan 2018 in Complaint Number 341/2009 of the State Commission Delhi)
**CITIBANK N.A. & ANR** . ....Petitioner/Appellant
Vs.
**SRI RAM & ANR.** .........Opposite Party/Respondent(s)
**1. ASHOK KUMAR S/O. Shri Atma Ram**
R/o. Gali No. 57, Surya Nagar Hissar, Haryana
2. Also At:- **Ashok Kumar**, S/o Shri Atma Ram. Village Dhartul, Tehsil Duhana,, District Hissar, Haryana
WHEREAS in the First Appeal No. 496/2018 filed against the order dated 04-01-2018 in Complaint No. CC/341/2009 arising out of the Order of the State Commission, Delhi you have been arrayed as Respondent no. 2.
WHEREAS this Commission has ordered vide order dated "13-02-2025" to effect service upon Respondent (s) by this Publication returnable on "29-04-2025",
NOW, THEREFORE, TAKE NOTICE through this publication to appear before this Hon'ble Commission in person or through your Counsel/Authorized Representative on "29-04-2025" failing which the appeal will be disposed of on merits in your absence.
Dt : 28.02.2025; Place : Delhi Assistant Registrar

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Dr. Mohini**
Additional Civil Judge (Senior Division), Kurukshetra
**CANARA BANK**
**Vs.**
**M/S KASHYAP ENTERPRISES**
CNR No. HRKU02-000449-2023
Civil Suit No. 354/2023
Next Date : 25.03.2025
A decree for a sum of Rs. 4,45,615/- in loan account including interest upto 06.01.2023 alonwith future and pendentlite interest etc.
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**1. M/s Kashyap Enerprises, SCO No. 101, Sector-17, Kurukshetra through its Proprietor Anil Kashyap.**
**2. Anil Kashyap, resident of House No. 1672, Sector-3 Urban Estate, Kurukshetra and Proprietor of M/s Kashyap Enterprises**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **25.03.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Kurukshetra
**Sd/- Dr. Mohini, Additional Civil Judge (Senior Division), Kurukshetra**
Dated, this day of 20.02.2025

## रोजगार का बाजार चार प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** भारत में कार्यालय रोजगार का बाजार फरवरी के दौरान सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़ गया जिसका मुख्य कारण कृत्रिम मेधा (एआई) एवं मशीन लर्निंग (एमएल) और आतिथ्य क्षेत्र में भर्तियां रहीं। नौकरी जॉबस्पीक सूचकांक रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू नौकरी बाजार ने जनवरी और फरवरी दोनों महीनों में सकारात्मक वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2025 की शुरुआत सकारात्मक तरीके से की है। नौकरी डॉट कॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने कहा, 'पिछले साल फरवरी में आई आठ प्रतिशत की गिरावट को देखते हुए इस साल का आंकड़ा और भी आशाजनक लग रहा है।

# सरकार ने रिलायंस की इकाई पर लगाया जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एक इकाई पर बैटरी सेल संयंत्र स्थापित करने की समयसीमा को पूरा करने में विफल रहने के लिए जुर्माना लगाया है। इसके लिए उसे उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन दिए गए थे।

कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिलायंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी रिलायंस न्यू एनर्जी बैटरी स्टोरेज लिमिटेड को तीन मार्च को भारी उद्योग मंत्रालय से एक पत्र मिला, जिसमें एक जनवरी, 2025 से प्रत्येक दिन की देरी के लिए प्रदर्शन सुरक्षा (50 करोड़ रुपये) की 0.1 प्रतिशत की दर से क्षतिपूर्ति वसूलने का निर्देश दिया गया है। इसमें कहा गया है कि यह जुर्माना उन्नत रसायन सेल के लिए प्रदर्शन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदान की गई पांच गीगावाट घंटा विनिर्माण क्षमता के संबंध में मंत्रालय के साथ निष्पादित कार्यक्रम समझौते के तहत माइलस्टोन-1 को हासिल करने में देरी के लिए लगाया गया है।

तीन मार्च, 2025 तक की गणना के अनुसार यह क्षतिपूर्ति या जुर्माना 3.1 करोड़ रुपये था। आरएनईबीएसएल ने उक्त माइलस्टोन-1 की के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध किया है। हालांकि, फर्म ने न तो देरी के कारणों का और न ही लक्ष्य को पूरा करने की नई समयसीमा का खुलासा किया।




### इन कंपनियों ने जीती थी बोलियां

आरएनईबीएसएल के अलावा, राजेश एक्सपोर्ट्स और ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड की इकाई ने भी बैटरी सेल संयंत्र बनाने के लिए बोलियां जीती थीं। विनिर्माता इस परियोजना के लिए लक्ष्य पूरा करने पर 181 करोड़ रुपये के उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन के लिए पात्र थे, जिसका उद्देश्य उन्नत रसायन सेल बैटरी भंडारण की संचयी 30 गीगावाट घंटा क्षमता का निर्माण करना था।

# व्यापार युद्ध की चिंता में सोना 1,100 और चांदी में 1,500 रुपए का उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की लिवाली बढ़ने तथा मजबूत वैश्विक रुख के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव 1,100 रुपये बढ़कर 89,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

■ सोना बढ़कर 89,000 रुपए के स्तर पर पहुंचा

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,100 रुपये बढ़कर 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,100 रुपये बढ़कर 88,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 87,500 रुपये प्रति 10 ग्राम था। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मंगलवार से कनाडा, मेक्सिको और चीन पर शुल्क की पुष्टि के बाद सराफा की कीमतों में उछाल आया। चीन और कनाडा ने भी अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की घोषणा की, जिससे उत्तरी अमेरिका में व्यापार तनाव बढ़ गया। औद्योगिक मांग और सोने में तेजी के चलते चांदी की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। सोमवार को चांदी की कीमत 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। विदेशी मोर्चे पर, अप्रैल अनुबंधों के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 32.70 डॉलर बढ़कर 2,933.80 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस बीच, हाजिर सोना लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 2,921.42 डॉलर प्रति औंस हो गया।



### कमजोर आंकड़ों से सोने में आया उछाल

गांधी ने कहा कि यह पिछले सप्ताह के कमजोर आवासीय आंकड़े, बढ़ते बेरोजगारी के दावों और उपभोक्ता खर्च में गिरावट के मद्देनजर आया है। आंकड़े जारी होने से इस बात की संभावना बढ़ी है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व उम्मीद से पहले ब्याज दरों में कटौती करेगा।

**विज्ञापन विवरण /आवश्यक सूचना**

सिलाई केंद्र गाँव ,मुस्सेपुर में एक महिला सिलाई अध्यापिका (पार्ट टाइम) के अस्थाई व संविदा आधार के पद ( मासिक मानदेय 7000/- रूपये) हेतू आवेदन 15.03.2025 तक सभी दस्तावेजों के साथ सादे कागज पर निम्न पते पर आमंत्रित किए जाते हैं। आयु 21-42 वर्ष, योग्यता 10+2 एवं छः माह cutting एवं Tailoring का प्रमाण पत्र। मुस्सेपुर गाँव एवं इसके नजदीकी गाँव की निवासी एवं अनुभवी महिला को प्राथमिकता दी जायेगी। देरी से प्राप्त व अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**जिला बाल कल्याण अधिकारी**
**बाल भवन, मॉडल टाउन, रेवाड़ी**

**सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के नर्सिंग कॉलेज में शामिल हों बीएससी (नर्सिंग) पाठ्यक्रम - 2025**

**JOIN COLLEGES OF NURSING UNDER AFMS BSC (NURSING) COURSE-2025**

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के नर्सिंग कॉलेज में बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम 2025 के लिए इच्छुक महिला उम्मीदवार का नीट (यूजी) 2025 परीक्षा में सफल होना अनिवार्य है। पात्रता, नियम एवं शर्तों की जानकारी रोजगार समाचार में प्रकाशित की जायेगी। यह सूचना इस वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर भी उपलब्ध होगी।

Female candidates desirous of seeking admission to BSc(N) course at Colleges of Nursing under AFMS have to mandatorily qualify NEET (UG) 2025. The Eligibility, Terms and Conditions will be published in the Employment News in due course of time. The same will also be available on the website

**www.joinindianarmy.nic.in**
**CBC 10601/11/0068/2425**

**चिकित्सा**

**बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं**

**दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।**

**हमराज़ क्लीनिक**
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

# इस्पात की मांग बढ़ती रहेगी: टाटा संस चेयरमैन

**जमशेदपुर।** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि मौजूदा वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद इस्पात की मांग बढ़ेगी। चंद्रशेखरन ने टाटा स्टील के संस्थापक जेएन टाटा की 186वीं जयंती पर आयोजित समारोह में कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 'इस्पात की मांग बढ़ती रहेगी और ऐसी स्थिति का सामना करने का सबसे अच्छा तरीका दक्षता और लागत प्रबंधन के साथ तैयार रहना और उत्पादकता बढ़ाना है।' उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी को प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए सरकार, उसकी नीतियों, कर्मचारियों और श्रमिक संघों की मदद की जरूरत होगी। चंद्रशेखरन ने कहा, 'प्रबंधन को विस्तार करने, दक्षता बनाए रखने, लागत प्रबंधन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए साहसी होना होगा।



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**भारतीय स्टार्टअप ने फरवरी में 1.65 अरब डॉलर जुटाए**

नई दिल्ली। भारतीय स्टार्टअप ने फरवरी में 8.32 करोड़ डॉलर के औसत मूल्यांकन पर कुल 1.65 अरब डॉलर (लगभग 14,418 करोड़ रुपये) का वित्तपोषण जुटाया। ट्रैक्सन के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों से पता चलता है कि इससे चालू वित्त वर्ष (2024-25) में फरवरी में कुल वित्तपोषण 2,200 चरण में 25.4 अरब डॉलर हो गया है।

# वाहन कलपुर्जा निर्यात 100 अरब होने की उम्मीद : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के वाहन कलपुर्जा उद्योग को अगले सात-आठ साल में 100 अरब डॉलर के निर्यात की उम्मीद है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में देश का वाहन कलपुर्जा निर्यात 21.2 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2018-19 में 2.5 अरब डॉलर के घाटे में था। वाहन कलपुर्जा कंपनियों के संगठन एक्मा के सहयोग से तैयार इस रिपोर्ट में निर्यात के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक व्यापक, बहुआयामी रणनीति पेश की गई है। भारतीय वाहन कलपुर्जा विनिर्माता संघ (एक्मा) की अध्यक्ष श्रद्धा सूरी मारवाह ने कहा, "हमने न केवल सकारात्मक व्यापार संतुलन हासिल किया है, बल्कि व्यापार अधिशेष लगभग 50-150 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है।"



■ वित्त वर्ष 2023-24 में देश का वाहन कलपुर्जा निर्यात 21.2 अरब डॉलर रहा

### भारतीय कंपनियों को निर्यात बढ़ाना होगा

*मारवाह ने कहा, "हम इस वृद्धि चक्र को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अगले सात-आठ वर्षों में निर्यात में 100 अरब डॉलर का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।" एक्मा के महानिदेशक विन्नी मेहता ने कहा कि इस अवसर का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रमुख भारतीय कंपनियों को अपना निर्यात पांच से 10 गुना बढ़ाने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में गहरी पैठ हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए।*

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

# खाने के तेल की कीमतों में लगी आग, आयात ड्यूटी बढ़ाई गई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पिछले साल सितंबर के महीने में खाने के तेल के इंपोर्ट पर ड्यूटी में इजाफा किया गया था। उसका असर लगातार देखने को मिला। अगर मौजूदा साल की बात करें तो खाने के तेल में 3 रुपए से लेकर 11 रुपए का इजाफा देखने को मिला है। वहीं दूसरी ओर मौजूदा साल में खाने के तेल के इंपोर्ट में भी गिरावट देखने को मिली है। फरवरी के महीने में खाने के तेल का इंपोर्ट 4 साल के लोअर लेवल पर पहुंच गया है। जानकारों के अनुसार खाने के तेल के इंपोर्ट कम होने का प्रमुख कारण इंपोर्ट ड्यूटी ज्यादा होगा। आने वाले दिनों में इंपोर्ट ड्यूटी में और इजाफे के संकेत मिलते है।




**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड | जीन्द जिले में फर्टिलाइजर के लेबर और कार्टेज कार्य तथा परिवहन कार्य के लिए अनुभवी ठेकेदार की नियुक्ति हेतु ई-निविदा। | 05.03.2025 15.03.2025 | 90000/- | dmhfdjnd@hry.nic.in | 9050662919 dmhafedjnd@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32605/I/88/6 दि. 04.03.25

## शब्द पहेली - 5797




**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

■ मंगल सैनचा, बैंगलोर

**शब्द पहेली -5796 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5807

✱✱✱✱✰ कठिन


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5806 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |




# कोहली के करिश्मे के साथ ऑस्ट्रेलिया से हिसाब बराबर, भारत चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा

## ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराया, चेज मास्टर कोहली के 84 रन, फाइनल 9 को दुबई में ही

भाषा ▶▶| दुबई

सोलह महीने पहले वनडे विश्व कप फाइनल में और चौदह साल से आईसीसी टूर्नामेंटों के नॉकआउट मुकाबलों में मिली हर हार का बदला चुकता करते हुए भारत ने मंगलवार को आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर पांचवीं बार चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में प्रवेश कर लिया और एक बार फिर जीत के नायक रहे विराट कोहली। भारत की जीत के साथ ही यह भी तय हो गया कि चैम्पियंस ट्रॉफी का फाइनल नौ मार्च को दुबई में ही खेला जायेगा जिसमें भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका या न्यूजीलैंड से होगा। अगर आस्ट्रेलिया जीतती तो फाइनल लाहौर में खेला जाना था। आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टीव स्मिथ (73) और एलेक्स कैरी (61) के अर्धशतकों के दम पर 48.1 ओवर में 264 रन बनाये जिसके जवाब में भारत ने 11 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। 'प्लेयर आफ द मैच' कोहली ने 98 गेंद में पांच चौकों की मदद से 84 रन बनाये। 19 नवंबर 2023 को कप्तान रोहित शर्मा समेत करोड़ों क्रिकेटप्रेमियों की आंखों में आंसू थे जब अहमदाबाद में आस्ट्रेलियाई टीम ने भारत का विश्व कप जीतने का सपना तोड़ा था। इसके अलावा भी आईसीसी नॉकआउट टूर्नामेंटों में आस्ट्रेलिया भारत के लिये 'अभेद किला' साबित होता रहा है जिसमें आखिरी बार हम 2011 वनडे विश्व कप में ही सेंध लगा पाये थे। उन सभी नाकामियों से मिले हर जख्म पर मरहम लग गया जब केएल राहुल ने 49वें ओवर की पहली गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल को छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई। कोहली को श्रेयस अय्यर से पूरा सहयोग मिला जिन्होंने 45 रन बनाये और तीसरे विकेट के लिये 91 रन की साझेदारी भी की। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा (28) और शुभमन गिल (नौ) सस्ते में आउट हो गए थे।

बल्लेबाजी की मददगार पिच पर कोहली का बल्ला खूब चला और बड़े शॉट खेलने की बजाय उन्होंने संयम से अपनी पारी को आगे बढाया। वनडे पारियों में स्पिनरों के खिलाफ पिछले कुछ अर्से में नाकाम साबित होते आये कोहली ने यहां आस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जम्पा को बखूबी खेला। उन्होंने अपनी पारी में शानदार पूल और ड्राइव लगाये। अय्यर और अक्षर पटेल (27) एक के बाद एक विकेट गंवा बैठे लेकिन कोहली ने 53 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्हें स्पिनर कूपर कोनोली की गेंद पर मैक्सवेल से जीवनदान भी मिला जब उनका स्कोर 51 रन था। लेकिन जम्पा की गेंद पर लांग आन के पास बेन ड्वारशुइस को कैच देकर वह उस समय आउट हुए जब भारत को 40 रन की जरूरत थी। राहुल (नाबाद 42) और हार्दिक पंड्या (28) ने आक्रामक शॉट्स खेलकर भारत को जीत तक पहुंचाया। वैसे इस जीत में श्रेय भारतीय गेंदबाजों का भी है।



### स्ट्राइक रोटेट करना पारी का सबसे सुखद हिस्सा रहा: कोहली

**दुबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में मैच जिताने वाली पारी की तुलना पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक से करते हुए कहा कि यहां के हालात में मिली सफलता का सबसे महत्वपूर्ण पहलू स्ट्राइक रोटेट करना रहा। कोहली फिनिशर की भूमिका नहीं निभा सके लेकिन 98 गेंद में 84 रन बनाकर भारत की जीत तय कर दी। पाकिस्तान के खिलाफ मैच की ही तरह उन्होंने तेजी से इक्के दुक्के रन निकाले और अपनी पारी में सिर्फ पांच चौके लगाये। प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार जीतने के बाद उन्होंने कहा ,'' यह पारी पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई पारी जैसी थी। यह हालात को समझने और स्ट्राइक रोटेट करने की बात थी क्योंकि इस पिच पर साझेदारियां अहम थी।'' कोहली ने अपनी पारी में 56 सिंगल लिये और चार बार दो दो रन निकाले।

### छह गेंदबाजी विकल्प चाहता था: रोहित शर्मा



**दुबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने आस्ट्रेलिया पर चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में मिली जीत के बाद मंगलवार को कहा कि वह बल्लेबाजी की गहराई से समझौता किये बिना छह गेंदबाजी विकल्प टीम में चाहते थे। जीत के लिये 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने विराट कोहली के 84 रन और श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या की पारियों के दम पर 11 गेंद बाकी रहते चार विकेट से जीत दर्ज की। रोहित ने पुरस्कार समारोह में कहा ,'' मैं सचमुच टीम में छह गेंदबाजी विकल्प चाहता था और यह भी चाहता था कि आठवें नंबर तक बल्लेबाजी भी रहे। हमने टीम बनाते समय इस पर बात की थी। टीम तैयार करने में शामिल हर व्यक्ति को इसका श्रेय जाता है।'' उन्होंने कहा ,'' हमें लगा था कि यह अच्छा स्कोर है और हमें अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी जो हमने की। हम शांत होकर खेले और विकेट भी अच्छी थी।'' रोहित ने कहा ,'' हम अच्छा क्रिकेट खेलना चाहते हैं और पिच को लेकर ज्यादा नहीं सोचते। '' उन्होंने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा ,'' वह इतने साल से हमारे लिये यह कर रहा है। हम निश्चिंत थे। हम वही बड़ी साझेदारी चाहते थे जो विराट और श्रेयस ने की।

### आस्ट्रेलिया-264/10 (49.3)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का गिल बो वरूण | 39 |
| कूपर कोनोली का राहुल बो शमी | 0 |
| स्टीव स्मिथ बो शमी | 73 |
| मार्नस पगबाधा बो जडेजा | 29 |
| इंगलिस का कोहली बो जडेजा | 11 |
| एलेक्स कैरी रन आउट | 61 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो पटेल | 7 |
| ड्वारशुइस का अय्यर बो वरूण | 19 |
| एडम जम्पा बो पंड्या | 7 |
| नाथन एलिस का कोहली बो शमी | 10 |
| तनवीर संघा नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : सात रन
योगः 49.3 ओवर में 264 रन
विकेट पतन : 1-4, 2-54, 3-110, 4-144, 5-198, 6-205, 7-239, 8-249, 9-262
गेंदबाजीः शमी 10-0-48-3, पंड्या 5.3-0-40-1, कुलदीप 8-0-44-0, वरूण 10-0-49-2, अक्षर 8-1-43-1, जडेजा 8-1-40-2

### विराट कोहली बने मैन ऑफ द मैच

### भारत- 267/6(48.1)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित शर्मा पगबाधा बो कोनोली | 28 |
| शुभमन गिल बो ड्वारशुइस | 8 |
| कोहली का ड्वारशुइस बो जम्पा | 84 |
| श्रेयस अय्यर बो जम्पा | 45 |
| अक्षर पटेल बो एलिस | 27 |
| केएल राहुल नाबाद | 42 |
| पंड्या का मैक्सवेल बो एलिस | 28 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 2 |

अतिरिक्त : तीन रन
योग : 48.1 ओवर में छह विकेट पर 267 रन
विकेट पतन : 1-30, 2-43, 3-134, 4-178, 5-225, 6-259
गेंदबाजीः ड्वारशुइस 7-0-39-1, एलिस 10-0-49-2, कोनोली 8-0-37-1, जम्पा 0-0-60-2, संघा 6-0-41-0, मैक्सवेल 6.1-0-35-0, हेड 1-0-6-0

## खबर संक्षेप



### रोनाल्डो के बिना अल-नासेर ने एस्तेघलाल से ड्रॉ खेला

**तेहरान।** दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्ड की गैरमौजूदगी में सऊदी अरब के अल-नासेर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल मैच में ईरान के एस्तेघलाल के साथ पहले चरण के मैच को गोलरहित ड्रॉ खेला। चालीस साल के रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड और रीयाल मैड्रिड के साथ पांच बार यूएफा चैंपियंस लीग खिताब जीते हैं। इस साल जनवरी में एस्टन विला से अनुबंधित किए गए जॉन डुरान सोमवार को खेले गये मैच में गोल करने के करीब पहुंच कर चूक गये। लीवरपूल के पूर्व स्टार सादियो माने के पास मौके थे।

### पाकिस्तान के मुख्य कोच बने रहेंगे आकिब जावेद

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व तेज गेंदबाज और राष्ट्रीय चयनकर्ता आकिब जावेद को न्यूजीलैंड के सीमित ओवरों के दौरे तक अंतरिम मुख्य कोच बने रहने के लिये कहा है। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी और न्यूजीलैंड दौरे के बीच समय कम होने के कारण आकिब मुख्य कोच बने रहेंगे। उन्होंने कहा पीसीबी ने इस बीच नये मुख्य कोच को तलाशने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पिछले साल पीसीबी ने जैसन गिलेस्पी को टेस्ट और गैरी कर्स्टन को सीमित ओवरों के प्रारूप का कोच बनाया था लेकिन दोनों ने बोर्ड के साथ मसलों का हवाला देकर छह से आठ महीने के भीतर इस्तीफा दे दिया। इसके बाद आकिब को सफेद गेंद की टीम का अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया।

### ताइकेमा भारतीय महिला ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करेंगे

**नई दिल्ली।** भारत ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक तक अल्पकालिक आधार पर राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम के ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करने के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ताइके ताइकेमा से करार किया है। ताइकेमा ने पिछले महीने भुवनेश्वर में भारत के एफआईएच प्रो लीग अभियान से पहले 10 से 16 फरवरी तक सात दिवसीय शिविर में भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था।

प्राग मास्टर्स

## ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा के सामने शैंकलैंड की चुनौती



एजेंसी ▶▶| प्राग

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा एक दिन के विश्राम बाद प्राग मास्टर्स के छठे दौर में बुधवार को अमेरिका के सैम शैंकलैंड से भिड़ेंगे। प्रज्ञानानंदा हाल ही फिडे की रैंकिंग में अपना सर्वश्रेष्ठ आठवां स्थान हासिल करने के बाद बढ़े हुए हौसले के साथ इस मुकाबले में उतरेंगे।

वह हमवतन अरविंद चिदंबरम के साथ प्राग मास्टर्स की तालिका में शीर्ष स्थान पर है। दोनों खिलाड़ियों ने पांचवें दौर में एक-दूसरे का सामना किया था और यह मुकाबला बराबरी पर छूटा था। दोनों के नाम संभावित पांच में 3.5-3.5 अंक हैं। चिदंबरम के सामने वियतनाम के अनुभवी क्वांग लीम की चुनौती होगी।

### चार खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर

इन दोनों भारतीयों के बाद चार खिलाड़ी 2.5 अंक के साथ तालिका में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। इसमें अनीश गिरी और क्वांग लीम ने अपने सभी मैच ड्रॉ खेले है। दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के अभी चार दौर बाकी हैं। अरविंद अब तक टूर्नामेंट सबसे प्रभावित करने वाले खिलाड़ी रहे हैं। ज्यादातर लोगों को इस पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन से टूर्नामेंट के मध्य में शीर्ष पर रहने की उम्मीद नहीं थी।

### प्रज्ञानानंदा के सामने अब एक और चुनौती

प्रज्ञानानंदा ने अब तक कीमर और गुयेन थाई दाई वान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर दो जीत दर्ज किये हैं। शाकलैंड के बाद उनके सामने क्वांग लीम और वेई यी और आखिरी दौर में गिरी की चुनौती होगी।

**चिदंबरम को डेविड व गुरेल भिड़ना होगा :** चिदंबरम को सातवें दौर में गिरी जबकि आखिरी दो दौरे में चेक गणराज्य के डेविड नवारा और तुर्किये के गुरेल एडिज से भिड़ना होगा। चैलेंजर्स वर्ग में एकमात्र भारतीय दिव्या देशमुख के नाम 1.5 अंक हैं। वह आखिरी चार दौर में कुछ महत्वपूर्ण रेटिंग अंक हासिल करने की कोशिश करेंगी।

## बीसीसीआई की मंजूरी बिना कोई टीम मनमर्जी से प्रैक्टिस नहीं कर पाएगी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल 2025 की धूम मचने में बस कुछ ही दिन शेष बचे हैं! इस बार टूर्नामेंट की शुरुआत 22 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के धमाकेदार मुकाबले से होगी लेकिन इसके पहले ही बीसीसीआई ने सभी 10 फ्रेंचाइजियों को सख्त निर्देश भेज दिए हैं! अब टीमें फ्लडलाइट्स में कितने घंटे प्रैक्टिस कर सकती हैं? कहां होंगे अभ्यास मैच? कितनी बार साइड विकेट का इस्तेमाल होगा? इन सभी बातों पर बीसीसीआई ने कड़े नियम लागू कर दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने टीमों को आईपीएल 2025 से पहले प्रैक्टिस को लेकर सख्त हिदायत दी है। आईपीएल 2025 में नए नियमों के साथ टीमें किस तरह अपनी स्ट्रेटेजी बनाएंगी, यह देखना दिलचस्प होगा। अब देखना यह है कि ये नियम किसी टीम के लिए चुनौती साबित होंगे या फिर सबकुछ पहले जैसा ही चलेगा! बीसीसीआई के इन नए नियमों का मकसद आईपीएल के दौरान पिचों की गुणवत्ता बनाए रखना और खिलाड़ियों को संतुलित अभ्यास का मौका देना है। कुछ टीमों के ज्यादा अभ्यास से पिच जल्दी खराब होने का खतरा रहता है, जिससे आईपीएल के दौरान मैचों पर असर पड़ सकता है। इसलिए बीसीसीआई पहले से ही पिचों को बचाने और खेल को संतुलित रखने के लिए ये सख्त नियम लागू कर रहा है।

# द.अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच महामुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का दूसरा सेमीफाइनल मैच दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच आज 5 मार्च बुधवार को खेला जाएगा। कीवी टीम ने अपने ग्रुप चरण के 2 मैच जीतते हुए नॉकआउट में प्रवेश किया। अब मिचेल सेंटनर की कप्तानी में न्यूजीलैंड टीम ये महामुकाबला जीतने की कोशिश करेगी। हालांकि, उनके सामने दक्षिण अफ्रीका की चुनौती आसान नहीं रहने वाली है। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला मैच आज लाहौर के गद्दाफी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

### मैच लाहौर के गद्दाफी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में दोपहर 2:30 बजे से



### न्यूजीलैंड के खिलाफ अफ्रीका का पलड़ा रहा है भारी

दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच पहला वनडे मुकाबला साल 1992 में खेला गया था। अब तक दोनों के बीच 73 मुकाबले खेले गए हैं। 42 मैच में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली है और 26 मैच न्यूजीलैंड ने अपने नाम किए हैं। 5 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। पाकिस्तान के गद्दाफी स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच 1 वनडे मुकाबला खेला गया है। इस मैच को कीवी टीम ने अपने नाम किया था।

## भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली।** भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी 29 से 31 मार्च तक यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में करेगा जिसमें कुल 16 देश भाग लेंगे। खेल मंत्रालय और योगासन भारत के सहयोग से आयोजित की जा रही इस चैंपियनशिप का उद्देश्य योगासन की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रदर्शन करना है। एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा।



**आयोजन प्राचीन ज्ञान का उत्सव है : मनसुख मांडविया**
खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, '' योग की जन्मभूमि भारत को दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त है। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है। यह हमारे प्राचीन ज्ञान का उत्सव है जो आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा, '' हम योगासन को वैश्विक खेल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह चैंपियनशिप उस लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड दौरे की कमान सौंपी सलमान को, बाबर-रिजवान बाहर

एजेंसी ▶▶| लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 मार्च से शुरू हो रही वनडे और टी-20 सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। टी-20 में आघा सलमान को नया कप्तान चुना गया है। इस टीम में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान नहीं हैं। वनडे टीम में रिजवान की कप्तानी में दल को ऐलान किया गया है। शाहीन अफरीदी वनडे का हिस्सा नहीं हैं।

### ऐसी है पाकिस्तान की टीम

ऐसी है पाकिस्तान की टी-20 टीमः हसन नवाज, ओमैर यूसुफ, मोहम्मद हारिस, अब्दुल समद, आघा सलमान (कप्तान), इरफान नियाजी, खुशदिल शाह, शादाब खान, अब्बास अफरीदी, जहांदाद खान, मोहम्मद अली, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, सुफियान मुकीम, अबरार अहमद और उस्मान खान। ऐसी है पाकिस्तान की वनडे टीमः मोहम्मद रिजवान (कप्तान), आघा सलमान, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, आकिफ जावेद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, इमाम उल हक, खुशदिल शाह, मोहम्मद अली, मोहम्मद वसीम जूनियर, इरफान नियाजी, नसीम शाह, सुफियान मुकीम और तय्यब ताहिर।

### टी-20 सीरीज 16 से और वनडे सीरीज 29 मार्च से



### टी-20 में पाक के लिए सलमान के आंकड़े नहीं

*पाकिस्तान के नए कप्तान सलमान ने अब तक सिर्फ 6 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। इसकी 5 पारियों में 10 की औसत से सिर्फ 50 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 32 रन रहा है। गेंदबाजी में उनके नाम 2 विकेट है। टी-20 क्रिकेट की बात करें तो इस खिलाड़ी ने अब तक 82 मुकाबले खेले हैं और 116.13 की स्ट्राइक रेट और 18.95 की औसत के साथ 1,137 रन बनाए हैं। उनके नाम 40 विकेट भी है। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी-20 मुकाबला हेगले ओवल में 16 मार्च को खेला जाएगा।*

## बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के लिए नए नियम किए लागू

# आईपीएल के नियम सख्त, ड्रेसिंग रूम में नहीं आ सकेंगे परिवार के सदस्य

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत 22 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच से होनी है। इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कुछ नियम जारी किए हैं। नए नियमों के अनुसार, अब सभी खिलाड़ियों को अपनी टीम बस से ही यात्रा करनी होगी और परिवार के सदस्य खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

**टीम बस का ही उपयोग करेंगे खिलाड़ी**

बीसीसीआई के नए नियमों के अनुसार, खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए आते समय टीम बस का उपयोग करना होगा। सभी टीमें 2 बैचों में यात्रा कर सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में इस बारे में एक बैठक हुई जिसके बाद सभी संबंधित टीमों को नियमों में बदलाव के बारे में जानकारी दे दी गई है। बता दें कि प्रबंधकों की बैठक 18 फरवरी को जूम कॉल के माध्यम से हुई।



**परिवार के सदस्यों के लिए सख्त नियमः** नए नियम के अनुसार खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के परिवार के सदस्य, अभ्यास के दिनों में भी ड्रेसिंग रूम में प्रवेश नहीं कर सकते। बता दें कि परिवार के सदस्य मैच के दिनों में भी खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम में नहीं जा सकते। अभ्यास के दिनों में (टूर्नामेंट से पहले और टूर्नामेंट के दौरान), केवल मान्यता प्राप्त स्टाफ को ही ड्रेसिंग रूम और खेल के मैदान में जाने की अनुमति होगी।

### अभ्यास के दौरान लागू होंगे ये नियम

सभी टीमों को अभ्यास क्षेत्र में 2 नेट और 1 साइड विकेट मिलेगा, जहां वे रेंज हिटिंग कर सकेंगे। मुंबई के मैदान पर अगर दोनों टीमें एक ही समय पर अभ्यास कर रही हैं, तो टीमों को 2-2 विकेट मिलेंगे। ओपन नेट की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई टीम अपना अभ्यास जल्दी समाप्त कर लेती है, तो दूसरी टीम को अभ्यास के लिए विकेट का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी।

### मैच के दिन के लिए तय किए गए हैं ये नियम

टीमों से जुड़े मान्यता प्राप्त कर्मचारियों के लिए मैच के दिन अपना मान्यता पत्र लाना अनिवार्य है। पहली बार न लाने पर चेतावनी जारी की जाएगी, जबकि दूसरी बार ऐसा होने पर टीम पर जुर्माना लगाया जाएगा। खिलाड़ियों को ऑरेंज और पर्पल कैप पहननी होगी। मैच के बाद प्रेजेंटेशन में स्लीवलेस जर्सी की अनुमति नहीं है। ऐसा न करने पर पहली बार में चेतावनी दी जाएगी। दूसरी बार ऐसा करने पर आर्थिक दंड लगाया जाएगा।

## चिंतन

# किफायती स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करें सरकारें

भारत को अपनी सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को प्राथमिकता देनी होगी। इसे निजी क्षेत्र के भरोसे छोड़ना आमजन की सेहत से खिलवाड़ होगा। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा है कि 'राज्य सरकारें किफायती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए। यह केंद्र सरकार के लिए आईना है। सरकारों का लोक कल्याण संवैधानिक दायित्व है, जिसमें सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करना शामिल है। स्वास्थ्य सेवा राज्यों की जिम्मेदारी रही है, लेकिन राज्य सरकारों ने इसे प्राथमिकता के स्तर पर नहीं लिया, जिसके चलते निजी क्षेत्र में चिकित्सा मुनाफे का व्यवसाय बन कर रह गई। सर्वोच्च न्यायालय ने इसी परिदृश्य पर चिंता जताई है। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने कहा, 'यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं ताकि मरीजों का शोषण न हो'। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि निजी अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है और मांग की गई थी कि इसे रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए। उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से गाइडलाइन जारी करने को कहा है, जिससे निजी अस्पताल आम लोगों का शोषण न कर सकें। कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा है कि वे निजी अस्पतालों को नियंत्रित करें, जो मरीजों को अस्पताल की दुकान से दवाई खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। खासकर वे दवाइयां जो किसी और जगह सस्ते में मिल जाती हैं। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सभी राज्यों को नोटिस भेजा था। ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, तमिलनाडु और राजस्थान समेत कई राज्यों ने जवाब दाखिल किए थे। दवाइयों की कीमतों के मुद्दे पर राज्य केंद्र सरकार के मूल्य नियंत्रण आदेश पर निर्भर हैं। केंद्र सरकार ही तय करती है कि किस दवा की क्या कीमत होगी। देश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कई सारी अनियमितताएं हैं। जनसंख्या के अनुपात में अस्पतालों, दवाओं, चिकित्सकों, नर्सों, प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों, चिकित्सा उपकरणों, जांच उपकरणों आदि की कमी हैं। लचर सरकारी स्वास्थ्य सेवा के चलते निजी क्षेत्र को सेवा के नाम पर मनमानियों का अवसर मिलता है। दवाओं की कीमतें भी लागत व मुनाफे के अनुपात में अत्यधिक होती हैं। इसमें सरकार लचर साबित हुई है। सार्वजनिक व निजी क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को रेगुलेट करने के लिए केंद्र सरकार को सेबी, ट्राई, इरडा की तरह तत्काल एक नियामक बनाना चाहिए। स्वास्थ्य बीमा का दायरा बढ़ाना चाहिए, बीमा के नाम पर अस्पतालों में फिजूल बिलिंग पर रोक लगनी चाहिए। बजट, सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, चिकित्सा पेशेवरों की कमी, अनुसंधान, उपचार से जुड़े डेटा, चिकित्सा की क्वालिटी, स्वास्थ्य सेवाओं में भ्रष्टाचार, अनैतिकता, जवाबदेही की कमी आदि समस्याएं हैं, जिन्हें दूर करने की जरूरत है। भारत युवा के साथ बुजुर्ग आबादी वाला देश भी है, इस क्षेत्र में रोजगार की भी अपार संभावनाएं हैं। भारत में किफायती स्वास्थ्य सेवा में ग्लोबल लीडर बनने की क्षमता है, इसलिए सरकार को इस क्षेत्र में बड़ा निवेश करना चाहिए। सालाना सरकारी स्वास्थ्य वर्ल्ड क्लास का बनाया जाना चाहिए।



अर्थव्यवस्था
योगेश कुमार गोयल

# मजबूत अर्थव्यवस्था के कमजोर बाजार

निरंतर पांच महीने की गिरावट ने निवेशकों की चिंता और अनिश्चितता बढ़ा दी है। सेंसेक्स और निफ्टी जैसे प्रमुख सूचकांक बड़ी गिरावट का सामना कर रहे हैं, जिससे निवेशकों की संपत्ति में भारी कमी आई है। 27 सितंबर 2024 को जो सेंसेक्स 85978 के रिकॉर्ड शिखर पर था, वह 28 फरवरी तक ही 12780 अंक टूट चुका है। अक्टूबर 2024 से निफ्टी हर महीने गिरावट के साथ बंद हो रहा है और यह पिछले पांच महीनों में ही 12 प्रतिशत नीचे आ चुका है। करीब 28 वर्ष पूर्व भी शेयर बाजार के ऐसे ही हालात देखने को मिले थे, जब निफ्टी लगातार 5 महीने तक टूटा था। 1996 के बाद यह पहली बार है, जब बाजार लगातार पांच महीने गिरावट के साथ बंद हुआ है।

भारतीय शेयर बाजार इस समय कठिन दौर से गुजर रहा है, जो पिछले कुछ महीनों से लगातार गिरावट के दौर से गुजर रहा है। निरंतर पांच महीने की गिरावट ने निवेशकों की चिंता और अनिश्चितता बढ़ा दी है। बाजार के जानकार इसे एक 'डेंजर जोन' की तरह देख रहे हैं। सेंसेक्स और निफ्टी जैसे प्रमुख सूचकांक बड़ी गिरावट का सामना कर रहे हैं, जिससे निवेशकों की संपत्ति में भारी कमी आई है। 27 सितंबर 2024 को जो सेंसेक्स 85978 के रिकॉर्ड शिखर पर था, वह 28 फरवरी तक ही 12780 अंक टूट चुका है। अक्टूबर 2024 से निफ्टी हर महीने गिरावट के साथ बंद हो रहा है और यह पिछले पांच महीनों में ही 12 प्रतिशत नीचे आ चुका है। करीब 28 वर्ष पूर्व भी शेयर बाजार के ऐसे ही हालात देखने को मिले थे, जब निफ्टी लगातार 5 महीने तक टूटा था। 1996 के बाद यह पहली बार है, जब बाजार लगातार पांच महीने गिरावट के साथ बंद हुआ है। हालांकि अक्टूबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच निफ्टी करीब 12 प्रतिशत टूटा है लेकिन इस दौरान निवेशकों का बहुत बड़ा नुकसान हो चुका है। 30 सितंबर 2024 को बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 474 लाख करोड़ रुपये था, जो 28 फरवरी 2025 तक घटकर 384 लाख करोड़ रुपये रह गया, जिसका सीधा सा अर्थ है कि केवल पांच महीनों में ही निवेशकों की 90 लाख करोड़ की संपत्ति डूब चुकी है। शेयर बाजार में गिरावट का यह सिलसिला अभी थमने की भी उम्मीद नहीं जताई जा रही। ऐसे में शेयर बाजार में मचे इस हाहाकार के कारण क्या हैं, इसकी पड़ताल करना बहुत जरूरी हो जाता है।

बाजार के कुछ जानकारों के मुताबिक, उच्च स्तरों पर मुनाफा वसूली के कारण भी बाजार में गिरावट आई है, जो एक सामान्य प्रक्रिया मानी जाती है, जहां निवेशक लाभ कमाने के लिए अपने निवेश को बेचते हैं, जिससे बाजार में अस्थायी गिरावट होती है। कई बार नकारात्मक खबरों और बाजार की अस्थिरता के कारण निवेशक घबराहट में अपने शेयर बेचने लगते हैं, जिससे बिकवाली का दबाव बढ़ता है और बाजार में तेजी से गिरावट आती है। हालांकि शेयर बाजार में इस गिरावट के पीछे कई कारक जिम्मेदार हैं, जिनमें वैश्विक आर्थिक मंदी का प्रभाव, भारतीय बैंकों की कमजोर कमाई की अफवाहें, एमएससीआई और घरेलू निवेशकों की ऊहापोह की स्थिति, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में वृद्धि, विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर बिकवाली, एफआईआई की चीन में रुचि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नीतिगत फैसले, घरेलू आर्थिक संकेतकों में कमजोरी, कंपनियों के कमजोर तिमाही परिणाम, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिकी डॉलर की मजबूती, तकनीकी सुधार और मुनाफा वसूली इत्यादि प्रमुख हैं। भारतीय बैंकों की कमजोर कमाई की अफवाहों से बाजार में नकारात्मक धारणा बनी और बिकवाली का दबाव बढ़ा, वहीं वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में वृद्धि और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में वृद्धि के कारण भी विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकाल रहे हैं।

भारतीय बाजार से विदेशी निवेशक अपना धन निकालकर चीन की ओर मोड़ रहे हैं, जिससे बिकवाली का दबाव बढ़ा है। चीन के बाजारों में मजबूत रिकवरी से भारतीय शेयर बाजार में गिरावट बढ़ रही है। एफआईआई



फ्लो में आए बड़े बदलाव को इसी से समझा जा सकता है कि भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों का निवेश दो वर्ष के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। अक्टूबर 2024 के बाद से भारत का मार्केट कैप जहां करीब एक ट्रिलियन डॉलर कम हो गया है, वहीं चीन का मार्केट कैप 2 ट्रिलियन डॉलर बढ़ गया है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न भू-राजनीतिक तनावों के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न होते व्यवधान के चलते भारतीय कंपनियों के लिए निर्यात और आयात में चुनौतियां बढ़ रही हैं, जो भारतीय शेयर बाजार में नकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। भारतीय रुपये में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोरी देखी जा रही है, जिससे आयातित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हुई है। इससे मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ा है और भारतीय कंपनियों की लाभप्रदता प्रभावित हुई है।

उच्च मुद्रास्फीति के कारण भारतीय रिजर्व बैंक पर ब्याज दरों में वृद्धि का दबाव बढ़ रहा है। ब्याज दरों में वृद्धि से उधारी की लागत बढ़ेगी, जिससे कंपनियों की लाभप्रदता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस संभावना के कारण भी निवेशकों में चिंता बढ़ी है, जिससे बाजार में बिकवाली का दबाव देखा गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप के नीतिगत फैसलों के अंतर्गत अमेरिका द्वारा व्यापार शुल्क बढ़ाने और चीन पर अतिरिक्त टैक्स लगाने की घोषणाओं के कारण भी वैश्विक बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। भारत पर भी अमेरिका द्वारा आयात शुल्क बढ़ाए जाने की संभावनाओं के चलते इसका असर भारतीय शेयर बाजार पर पड़ा है। वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका और अमेरिका तथा यूरोप में आर्थिक गतिविधियों की सुस्ती ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटाया है, जिससे निवेशकों में भय का माहौल बना है। इस वैश्विक अनिश्चितता के कारण विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पूंजी निकाल रहे हैं, जिससे बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ा है। घरेलू मोर्चे पर भी आर्थिक संकेतकों में कमजोरी देखी जा रही है। महंगाई दर में वृद्धि, औद्योगिक उत्पादन में सुस्ती और बेरोजगारी दर में बढ़ोतरी जैसी समस्याओं ने बाजार पर नकारात्मक असर डाला है। इन आर्थिक चुनौतियों के कारण निवेशकों का विश्वास कमजोर हुआ है, जिससे बाजार में गिरावट देखी गई है। शेयर बाजार की गिरावट का असर लगभग सभी सेक्टरों पर पड़ा है। आईटी, ऑटो, मीडिया, टेलीकॉम सहित बैंकिंग और एफएमसीजी सेक्टर में 20-25 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। कंपनियों की पिछली तिमाही के परिणाम भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे, जिससे निवेशकों का विश्वास कमजोर हुआ है और उसके कारण भी शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ा है। बाजार में लार्ज-कैप और मिड-कैप स्टॉक्स के ओवर वैल्यूएशन के कारण तथा बढ़ी हुई अस्थिरता के चलते बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है।

हालांकि, बाजार के कुछ जानकारों का मानना है कि यदि दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और बाजार में मौजूदा गिरावट को एक अवसर के रूप में भी देखा जा सकता है, जहां निवेशक कम कीमतों पर अच्छे शेयर खरीद सकते हैं। बहरहाल, शेयर बाजार में मचे हाहाकार के इस दौर में धैर्य रखना और दीर्घकालिक निवेश दृष्टिकोण अपनाना सबसे उचित रणनीति हो सकती है। ऐसे माहौल में यह जिम्मेदारी सरकार और वित्तीय संस्थानों की ही है कि वे बाजार में स्थिरता लाने के लिए ठोस कदम उठाएं और निवेशकों का भरोसा बनाए रखने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करते हुए नीतिगत फैसले लें। निवेशकों को भी धैर्य बनाए रखना होगा और बाजार के उतार-चढ़ाव को समझते हुए रणनीतिक रूप से निवेश करना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## मोटापा
डॉ. मोनिका शर्मा



# शारीरिक स्थूलता से जूझती स्त्रियां


मोटापा, शारीरिक बनावट भर बिगाड़ने से कहीं बढ़कर अपने आप में व्याधि बन चुका है। स्वास्थ्य से जुड़ी अनगिनत समस्याओं को न्योता देने वाली ओबेसिटी के घेरे में भी महिलाएं अधिक हैं। असल में स्वास्थ्य सम्बन्धित कुछ अलग पहलुओं के कारण महिलाओं में मोटापे की संभावना पुरुषों की तुलना में थोड़ी अधिक होती है। हार्मोन असंतुलन, गर्भावस्था, घरेलू व्यस्तता में उचित शारीरिक गतिविधियों का अभाव और मानसिक तनाव जैसे कारण आधी आबादी में शारीरिक स्थूलता के आंकड़े बढ़ा रहे हैं। हमारे देश में 10 करोड़ से ज्यादा लोग मोटापे से जूझ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट मुताबिक वैश्विक स्तर पर हर 8 में से 1 व्यक्ति मोटापे की जद में है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार 24 प्रतिशत भारतीय महिलाओं और 23 प्रतिशत भारतीय पुरुषों का वजन अधिक है। कुछ समय पहले द लैंसेट में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार भारत में महिलाओं में मोटापे की दर 1990 में 1.2 प्रतिशत थी। वर्ष 2022 में महिलाओं में शारीरिक स्थूलता की यह दर 9.8 फीसदी हो गई। वहीं, पुरुषों में मोटापे की दर 1990 में 0.5 प्रतिशत से 2022 में 5.4 फीसदी तक पहुंची है।चिंतनीय यह भी है कि नई पीढ़ी को भी मोटापा अपनी गिरफ्त में ले रहा है। इस अध्ययन के अनुसार 1990 में लड़कियों में 0.1 फीसदी रही मोटापे की दर 2022 तक बढ़कर 3.1 फीसदी हो गई है। मौजूदा दौर के खानपान और रहन-सहन को देखते हुए तकलीफदेह यह है कि कम उम्र में बढ़ते वजन की समस्या भी एक तरह का कुपोषण ही है। बीते दिनों मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने भी गंभीर स्वास्थ्य संकट बनते मोटापे को लेकर कहा था 'मोटापे से निपटना केवल व्यक्तिगत चुनाव नहीं है, बल्कि परिवार के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।' महिलाएं तो हमारी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी हैं।



व्याधियों की जड़ मानी जाने वाली स्थूलता से बिगड़ता आधी आबादी का स्वास्थ्य चिंता ही चिंतन का भी विषय है। विचारणीय है कि महिलाओं के शरीर और मनःस्थिति से जुड़े कई कारण मोटापा बढ़ा रहे हैं। ध्यातव्य है कि पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम जैसी परेशानी प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं में हार्मोन असंतुलन से जुड़ा अहम विकार है। लगभग 15 से 45 वर्ष की आयु वर्ग में पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम पीड़ित अधिकांश महिलाओं में मोटापे की समस्या भी होती है। इसी के चलते किशोरियां और युवतियां भी ओबेसिटी की मुसीबत से जूझ रही हैं। इतना ही नहीं, रजोनिवृत्ति के बाद भी उम्रदराज महिलाओं में शारीरिक स्थूलता तेज़ी से बढ़ती है। चिंतनीय है कि अपनों की सेहत संभालने वाली स्त्रियों में शारीरिक स्थूलता दूसरे रोगों का जोखिम भी बढ़ा रही हैं। मोटापे की शिकार महिलाओं में हृदय रोग, मधुमेह, स्तन कैंसर, हड्डियों से जुड़ी व्याधियां, उच्च रक्तचाप और गर्भधारण में परेशानी होने की संभावना स्वस्थ वजन वाली स्त्रियों की तुलना में अधिक होती है। दरअसल भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर भी स्त्रियों में मोटापे के आंकड़े बढ़ रहे हैं। द लैंसेट में छपे अध्ययन के मुताबिक ब्रिटेन में महिलाओं में मोटापे की दर 1990 में 13.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 28.3 फीसदी तक जा पहुंची है। वहीं अमेरिका में आधी आबादी में शारीरिक स्थूलता की दर 1990 में 21.2 फीसदी से बढ़कर 2022 में 43.8 फीसदी हो गई। स्पष्ट है कि संसार के हर हिस्से में ही तकनीकी विस्तार और शारीरिक निष्क्रियता के चलते साल-दर-साल मोटापे के आंकड़े बढ़ ही रहे हैं। असल में आयु और लिंग भेद से परे स्वस्थ-सक्रिय जीवनशैली से ही स्वस्थ वजन पाया जा सकता है। हर साल 4 मार्च को मनाये जाने वाले विश्व मोटापा दिवस पर स्वस्थ-सधी जीवनचर्या अपनाने को लेकर जागरूकता लाने का प्रयास किया जाता है। मोटापे के जोखिमों को कम करने के लिए सजगता लाने की कवायद की जाती है। वर्ष 2025 में विश्व मोटापा दिवस की थीम 'चेंजिंग सिस्टम्स, हेल्दीयर लाइव्स' है। यानि समग्र व्यवस्था के बदलाव से ही स्वस्थ जीवन पाया जा सकता है। मोटापे को केवल व्यक्तिगत परेशानी मानने के बजाय स्वास्थ्य सेवाओं, सार्वजनिक नीतियों, सामाजिक संरचनाओं और भोजनशैली की प्रणालियों में व्यापक बदलाव की दरकार है। बदलावों की इस बुनियाद पर ही स्वस्थ भविष्य पाया सकता है। खान-पान हो या सक्रिय दिनचर्या, सेहत सहेजने वाली आदतों से घर के हर सदस्य को जोड़ने स्त्रियां स्वयं भी अपने वजन को लेकर सजग हों।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'


## जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित
प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहां गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शेयर धारकों को नुकसान

आजकल शेयर बाजार में गिरावट की खबरें सुर्खियों में हैं। इससे बहुत से लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। शेयर बाजार में ऐसी गिरावट काफी वर्षों बाद देखने को मिल रही है। इस गिरावट से बहुत से उन लोगों की उम्मीदें धराशायी हुई जिनका कारोबार ही शेयर बाजार पर निर्धारित है। शेयर कब औंधे मुंह गिरे, कोई पता नहीं, क्योंकि शेयर बाजार कंपनियों पर ही ज्यादा निर्भर होता है और कोई बड़ी कंपनी कब घाटे में चली जाए, यह पता नहीं चलता। दूसरा, शेयर बाजार दुनिया के किसी भी देश में होने वाले युद्ध से प्रभावित होते हैं। हमारे देश में कम लोग ही शेयर बाजार के बारे में जानते हैं, इसलिए यह कहना उचित होगा कि हमारे देश में शेयर बाजार में निवेश करना ही बेहतर विकल्प नहीं है।

*– राकेश गुप्ता, महासमुंद*

## ट्रेंड

### स्टॉकर को बधाई



महामहिम क्रिश्चियन स्टॉकर को ऑस्ट्रिया के संघीय चांसलर के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। भारत-ऑस्ट्रिया संवर्धित भागीदारी आने वाले वर्षों में निरंतर प्रगति करने के लिए तैयार है। मैं आपके साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हूँ
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सौतेला रवैया



भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश है। ऐसे में सरकारों को बिना पक्षपात के सभी धर्मों के मानने वालों के साथ एक जैसा बर्ताव करना चाहिए, किन्तु मुसलमानों के साथ धार्मिक मामलों में भी जो सौतेला रवैया अपनाया जा रहा है।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### सूचना का अधिकार कानून



एक तरफ़ भ्रामक और दुष्प्रचार में भारत पिछले वर्षों से शीर्ष स्थान पर आ रहा है, दूसरी तरफ़मोदी सरकार कांग्रेस-संप्रग द्वारा लागू किए गए सूचना का अधिकार कानून को, डेटा संरक्षण कानून लाकर कमज़ोर करने पर तुली हुई है।
**-मल्लिकार्जुन खरगे,कांग्रेस अध्यक्ष**

### अनंत अस्तित्व की स्वीकृति



पश्चिमी मन आस्था के विचार को समझ नहीं पाता, यह आस्था को केवल धर्म के रूप में देखता है। हमारे लिए आस्था हमारे कोशिका-सत्ता के मूल से लेकर उस विशाल अनंत अस्तित्व की स्वीकृति की भावना तक फैली हुई है जिसे हम ब्रह्माण्ड कहते हैं।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

### दक्षिणी गोलार्द्ध का सबसे बड़ा मंदिर होगा बीएपीएस




अबूधाबी के बाद अब जोहानिसबर्ग के सबसे व्यस्त और खूबसूरत लैनसेरिया कॉरिडोर में 37,000 वर्ग मीटर में फैले बीएपीएस मंदिर और सांस्कृतिक परिसर के निर्माण के पहले चरण का काम पूरा हो चुका है और अगले तीन साल में तैयार होने वाला यह दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे बड़ा हिंदू मंदिर होगा। पिछले साल फरवरी में अबूधाबी में मध्य पूर्व के पहले अलंकृत नक्काशीदार हिंदू मंदिर के उद्घाटन के बाद बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने दक्षिण अफ्रीका में इस मंदिर पर युद्धस्तर पर काम शुरू किया। पिछले महीने मंदिर के 33,000 वर्ग मीटर में फैले सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन मौजूदा गुरू महंत स्वामी महाराज की मौजूदगी में हुआ और अब दूसरे चरण में 2,500 वर्ग मीटर के परिसर वाले पारंपरिक मंदिर पर काम शुरू होगा। खूबसूरत लैनसेरिया कॉरिडोर में बन रहे इस मंदिर को बहुसांस्कृतिक विनिमय, विभिन्न धर्मों के बीच संवाद और दक्षिण अफ्रीका में बीएपीएस के मानवीय कार्यों का केंद्र बनाया जाएगा।

## ऑफ बीट

### हर चार व्यक्ति में से एक खून की कमी से प्रभावित



एनीमिया या खून की कमी स्वास्थ्य संबंधी एक अहम समस्या है जिससे दुनिया भर में कम से कम दो अरब लोग प्रभावित हैं। यह दुनिया भर में लोगों में पाई जाने वाली आम समस्याओं मसलन कमर के निचले हिस्से में दर्द, मधुमेह या बेचैनी और अवसाद आदि से भी आम है। इसके बावजूद पिछले कुछ दशकों में एनीमिया को कम करने की दिशा में किए गए वैश्विक निवेश भी इसे दूर करने में सफल नहीं हो पाए हैं। किसी व्यक्ति में एनीमिया तब होता है जब उसके रक्त में पूरे शरीर में ऑक्सीजन ले जाने के लिए पर्याप्त स्वस्थ लाल रक्त कणिकाओं की कमी हो जाती है। शरीर के अंगों में कम ऑक्सीजन पहुंचने से एनीमिया के कई आम लक्षण दिखाई देने लगते हैं जिनमें थकान होना, सांस ठीक से नहीं ले पाना, चक्कर आना, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई और रोजमर्रा के काम करने में मुश्किलें आना शामिल हैं। स्वास्थ्य पर पड़ने वाले इन प्रभावों के अलावा एनीमिया के कारण बच्चों के मस्तिष्क के विकास पर भी असर पड़ सकता है। खून की कमी की वजह से वयस्कों में स्ट्रोक आने, हृदय से जुड़े रोग, मनोभ्रंश और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। गर्भावस्था के दौरान एनीमिया होने से महिला में चिंता और अवसाद की समस्या हो सकती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का अधिकारियों को निर्देश

# शिकायतों पर तुरंत होगी कार्रवाई, 31 मार्च तक रिपोर्ट पेश करें

### राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठक की जाए, मुद्दों को हल भी करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के आरोपों के बाद चुनाव आयोग ने अपनी पूरी मशीनरी को सक्रिय कर दिया है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी को सियासी दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्रक्रिया के मुताबिक सभी मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया है। आयोग ने राज्य चुनाव अधिकारियों के एक सम्मेलन में यह निर्देश दिया है। सम्मेलन के पहले दिन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राज्य चुनाव अधिकारियों को 31 मार्च तक मुद्दावार कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों से पारदर्शी तरीके से काम करने और सभी वैधानिक दायित्वों को मौजूदा कानूनी ढांचे के अनुसार पूरी लगन से पूरा करने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों को राजनीतिक दलों के प्रति सुलभ और उत्तरदायी होने का निर्देश दिया।

**आयोग ने कहा- मतदाताओं के प्रति विनम्र व्यवहार करें**

**राजनीतिक दलों के प्रति उत्तरदायी बनें**

**अधिकारी अपनी जिम्मेदारी के प्रति सजग रहें**

चुनाव आयोग ने राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी को सियासी दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्रक्रिया के मुताबिक सभी मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया है

**केंद्रीय और राज्य अधिकारी अपनी भूमिका का सही निर्वहन करें**



मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सभी दलों की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों और निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह सजग रहना होगा।

### टीएमसी के आरोपों को नकारा

टीएमसी ने आरोप लगाया है कि कई राज्यों के मतदाताओं के पास मतदाता पहचान पत्र एक ही नंबर के हैं। आयोग ने कहा कि कुछ मतदाताओं के मतदाता फोटो पहचान पत्र के नंबर एक समान हो सकते हैं। मगर जनसांख्यिकी, विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र अलग-अलग होंगे। रविवार को चुनाव आयोग ने कहा था कि इस समस्या को ठीक करेगा। वह अपने तकनीकी प्लेटफॉर्म को भी अपडेट करेगा। आयोग ने कहा कि डुप्लीकेट नंबर का मतलब यह जरूरी नहीं है कि मतदाता नकली हों।

### टीएमसी ने आयोग का स्पष्टीकरण किया खारिज

टीएमसी ने चुनाव आयोग के स्पष्टीकरण को खारिज कर दिया है। पार्टी का कहना है कि दो वोटर आईडी कार्ड के नंबर एक नहीं हो सकते हैं। पार्टी का आरोप है कि मतदाता पहचान पत्र जारी करने में घोटाला हुआ है। टीएमसी ने अपने दावे के समर्थन में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों को दी जाने वाली आयोग की पुस्तिका के कुछ अंशों को साझा किया और कहा कि पुस्तिका के मुताबिक वोटर आईडी कार्ड के नंबर एक समान नहीं हो सकते हैं।मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 18 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को बतौर मतदाता पंजीकृत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर के अधिकारियों को मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### खाटूश्यामजी मेले की दुकान में लगी आग



**सीकर।** खाटू मेला 2025 के दौरान मंगलवार को खाटूश्यामजी के मुख्य बाजार में एक दुकान में अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग से अन्य दुकानों को भी नुकसान पहुंचने का खतरा उत्पन्न हो गया।स्थानीय लोग और दुकानदार मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को सूचित किया।

### दिल्ली में बांस पौधरोपण एलजी ने की शुरुआत



**नई दिल्ली।** दिल्ली में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बांस पौधरोपण का उद्घाटन किया। न्होंने कहा कि यह कदम पिछले दो सालों में किए गए कठिन प्रयासों का परिणाम है, जिसमें जमीन को खाली किया गया। 2000 बांस के पौधे लगाए गए। डेढ़ महीने में लगभग 54,000 पेड़ लगाए जाने का लक्ष्य है।

### भाजपा नेता अवधेश ने पंखे से लटककर दी जान



**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व जोन चेयरमैन ठाकुर अवधेश कुमार ने यमुना विहार स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा घटना के वक्त कोई कार्यालय में नहीं था। भजनपुरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जीटीबी अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### मुसलमानों से सौतेला रवैया अपनाया जा रहा : मायावती

**लखनऊ (भाषा)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को आरोप लगाया कि धार्मिक मामलों में मुसलमानों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है और यह न्यायसंगत नहीं है। मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश है। ऐसे में केन्द्र व राज्य सरकारों को बिना पक्षपात के सभी धर्मों के मानने वालों के साथ एक जैसा बर्ताव करना चाहिए, लेकिन अब मुसलमानों के साथ धार्मिक मामलों में भी सौतेला रवैया अपनाया जा रहा है, यह न्यायसंगत नहीं है।'

### संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने शारदा विहार आवासीय विद्यालय में पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का किया शुभारंभ

# बदलावों को सनातन के आलोक में दिशा मिले, भारत ही विश्व को 'राह' दिखाएगा



डॉ. भागवत ने कहा कि हमारे समाज में कई विचारधाराएं हैं और हमें उन लोगों को भी साथ लेकर चलना है जो हमारे विचारों से सहमत नहीं हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने मंगलवार को विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान (वीबीएबीएसएस) के पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं के पंचदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया। यह शिविर भोपाल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय, शारदा विहार में आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्व में हो रहे सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक बदलावों को भारत की सनातन परंपरा के आलोक में दिशा देने की आवश्यकता है। आज जब वैश्विक परिदृश्य में कई विकृतियां उभर रही हैं, तब भारत ही वह ध्रुव तारा है जो सही दिशा प्रदान कर सकता है। इसके लिए समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास हेतु भारतीय परंपराओं पर आधारित शिक्षा, संस्कृति और नीति निर्माण को बढ़ावा देना आवश्यक है।

हमें केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि मानवता, करुणा और सत्य जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित समाज का निर्माण करना चाहिए

हमें ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करनी होगी जो व्यक्ति के चरित्र निर्माण में सहायक हो



### विद्या भारती राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का एक अभिन्न अंग

डॉ. भागवत ने कहा कि विद्या भारती केवल शिक्षा प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि संघ केवल शाखा संचालन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज परिवर्तन की दिशा में कार्य कर रहा है। विद्या भारती के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण हमारा मुख्य लक्ष्य है, जिससे वे शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सभी बिंदुओं को समाहित करते हुए, संगठन के लक्ष्यों में कुछ नई बातों को जोड़ने का भी प्रावधान किया गया है।

### विमर्श का स्वरूप बदलना आवश्यक

डॉ. भागवत ने कहा कि विमर्श का स्वरूप बदलना भी एक महत्वपूर्ण कार्य है। हमें सकारात्मक सोच और रचनात्मक विचारों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करना चाहिए। विद्या भारती द्वारा किए जा रहे कार्यों का वैश्विक स्तर पर प्रभाव देखा जा रहा है। हमें केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि मानवता, करुणा और सत्य जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर आधारित समाज का निर्माण करना चाहिए।

### टेक्नोलॉजी की मानवीय नीति आवश्यक

डॉ. भागवत ने कहा कि आज के समय में तकनीक समाज के हर क्षेत्र में अपना प्रभाव डाल रही है। हमें टेक्नोलॉजी के लिए एक मानवीय नीति बनानी होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान और तकनीक में जो कुछ गलत है, उसे छोड़ना पड़ेगा और जो अच्छा है, उसे स्वीकार कर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विशेषता पर जोर देते हुए कहा कि हमें विविधता में एकता बनाए रखनी होगी। भारत की संस्कृति ने हमेशा सभी को जोड़ने का कार्य किया है, और इसे बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि वह समाज का अभिन्न अंग है और समाज भी उसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारी शक्ति और संसाधन केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समस्त समाज की उन्नति के लिए समर्पित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में कई विचारधाराएँ हैं और हमें उन लोगों को भी साथ लेकर चलना है जो हमारे विचारों से सहमत नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी का भी मत भिन्न हो सकता है, लेकिन कार्य की दिशा सही होनी चाहिए।

**बिगड़े बोल : क्रूर व वहशी बादशाह औरंगजेब को लेकर दिए गए बयान पर मचा बवाल**

## सपा नेता आजमी- वह हिंदुस्तान का राजा था, कांग्रेस सांसद- वह अत्याचारी नहीं था





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष अबू आजमी के मुगल शासक औरंगजेब को लेकर दिए गए बयान पर बवाल थमता नहीं दिखाई दे रहा है। वहीं, आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित करने की भी मांग हो रही है। शिवसेना प्रमुख और राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने तो उन्हें देशद्रोही तक कह दिया है और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

बयान पर विवाद होने के बाद अबू आजमी ने सफाई दी। विवाद के बाद अबू आजमी ने सफाई दी कि औरंगज़ेब रहमतुल्लाह अलेह के बारे में मैंने वही कहा है जो इतिहासकारों और लेखकों ने कहा है। मेरी इस बात से कोई आहत हुआ है तो मैं अपने शब्द, अपना स्टेटमेंट वापस लेता हूं। सहारनपुर से कांग्रेस के सांसद इमरान मसूद ने कहा है कि औरंगज़ेब हिंदुस्तान का बादशाह था और वह अत्याचारी शासक नहीं था।

### महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन

महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर एनडीए नेताओं द्वारा अबू आजमी के खिलाफ प्रदर्शन किया। शिवसेना और सत्तारूढ़ भाजपा गठबंधन के विधायकों ने विधानसभा की सीढ़ियों पर प्रदर्शन किया। विधायकों ने अबू के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने और विधान भवन में उनके प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की। अबू आज़मी के बयान का असर ठाणे में भी देखा जा रहा है। मराठा क्रांति मोर्चा और सम्पूर्ण मराठा समाज द्वारा अबू आज़मी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। आज़मी का पुतला जलाने की भी कोशिश की गई।

### औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए

अबू आजमी ने कहा था कि (फिल्म छावा में) गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए, मुझे नहीं लगता कि औरंगजेब एक क्रूर प्रशासक था।


## कार्यालय नगरपालिका महेन्द्रगढ़

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक महोदय, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा, पंचकुला के द्वारा नगरपालिका क्षेत्र में स्थित पार्कों की देख-रेख व रख-रखाव का कार्य पंजीकृत निवासी कल्याण संघ (RAW) / पंजीकृत गैर सरकारी संगठन (NGO) / क्षेत्र का पंजीकृत निकाय, को दिया जाना है। नगरपालिका महेन्द्रगढ़ चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क को उक्त पॉलिसी के तहत देख-रेख / रख-रखाव के लिए देना चाहती है। इस कार्य हेतू जो भी इच्छुक पंजीकृत निवासी कल्याण संघ (RAW) / पंजीकृत गैर सरकारी संगठन (NGO) / क्षेत्र का पंजीकृत निकाय, वह अपना आवेदन दस्तावेज और प्रस्तुति के साथ दिनांक 10.03.2025 तक नगरपालिका महेन्द्रगढ़ कार्यालय में दे सकते है। पॉलिसी से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए नगर पालिका महेन्द्रगढ़ कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस के सम्पर्क कर सकते है। नगरपालिका महेन्द्रगढ़ का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।

आदेशानुसार
सचिव, नगरपालिका महेन्द्रगढ़


**'कितने दागी नेताओं को राहत दी'**

## सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से बैन हटाने या घटाने की जानकारी मांगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग (ईसी) से ऐसे दागी नेताओं की लिस्ट मांगी जिन पर से उसने चुनाव लड़ने से बैन के पीरियड को कम कर दिया या हटा दिया। कोर्ट ने चुनाव आयोग से 2 हफ्ते में जवाब मांगा है। वहीं, याचिकाकर्ता से कहा कि चुनाव आयोग से जानकारी मिलने के बाद 2 हफ्तों के अंदर अपना जवाब दाखिल करें। दरअसल रिप्रजेंटेशन ऑफ पीपल एक्ट (आरपीए), 1951 में प्रावधान है कि दागी नेता 2 साल या उससे ज्यादा की सजा होने पर 6 साल तक चुनाव नहीं लड़ सकते। भले ही उसे जमानत मिल गई हो या फैसले के खिलाफ ऊपरी कोर्ट में मामला चल रहा हो। इसी एक्ट की धारा 11 के तहत चुनाव आयोग के पास ताकत है कि वह किसी मामले में इस अवधि को कम या पूरी तरह हटा सकता है।



### निचली अदालतों में धीमी सुनवाई पर जताई चिंता

सुनवाई के दौरान निचली अदालतों और एमपी/एमएलए कोर्ट में सुनवाई की रफ्तार धीमी होने पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता। जस्टिस मनमोहन ने कहा कि दिल्ली की निचली अदालतों में मैंने देखा है कि एक या दो मामले लगाए जाते है और जज 11 बजे तक अपने चेंबर मे चले जाते हैं।

## संभल की जामा मस्जिद अब विवादित ढांचा कहलाएगी : इलाहाबाद हाईकोर्ट

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान संभल की शाही जामा मस्जिद को विवादित ढांचा लिखवाया। कोर्ट में मस्जिद की रंगाई-पुताई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई चल रही थी। हिंदू पक्ष के वकील हरिशंकर जैन ने कहा- ये (मुस्लिम पक्ष) मस्जिद कहेंगे तो हम मंदिर कहेंगे, राम मंदिर के केस में भी उसे (बाबरी मस्जिद) विवादित ढांचा ही कहा जाता था। इसके बाद जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल ने स्टेनो से विवादित ढांचा शब्द लिखने को कहा। अब इलाहाबाद हाईकोर्ट मस्जिद कमेटी की अर्जी पर 10 मार्च को सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान एएसआई की रिपोर्ट पर मस्जिद कमेटी ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई। एएसआई ने मस्जिद कमेटी की आपत्ति पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। जिसके बाद कोर्ट ने एएसआई को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। मस्जिद कमेटी का कहना है कि मस्जिद की साफ-सफाई शुरू हो गई है, लेकिन नमाज



के लिए सफेदी की भी इजाजत दी जाए। इसके अलावा मस्जिद समिति ने हाईकोर्ट से एएसआई की रिपोर्ट खारिज करने की मांग की। कहा कि एएसआई गार्जियन है, मालिक नहीं। एएसआई के वकील ने कहा कि हमने सफेदी की जरूरत मस्जिद में नहीं देखी है। पिछली सुनवाई में एएसआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि सफेदी की जरूर नहीं है, सफाई कराई जा सकती है। हाईकोर्ट ने मस्जिद कमेटी को एएसआई की रिपोर्ट पर आपत्ति दाखिल करने की अनुमति दी थी। दरअसल, संभल की जामा मस्जिद प्रबंधन समिति ने अर्जी दायर करके रमजान महीने के मद्देनजर संभल की जामा मस्जिद की सफेदी और सफाई की मांग की थी।


## कार्यालय जिला खादय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, हिसार

### श्रम व दुलाई एवं परिवहन कार्य हेतु निविदा सूचना

रबी व खरीफ सीजन 2025-26 के दौरान हिसार जिले की आदमपुर, अग्रोहा, बरवाला, बास, बाण्डाहेड़ी, घिराय, हांसी, हसनगढ, हिसार, खाण्डाखेडी, खेड़ी जालब, कोथकलां, लोहारी राघो, नारनौद, पाबड़ा, श्यामसुख, मतलोडा, पेटवाड़, राजली, सरसौद, सिसाय, दौलतपुर, उकलाना, बालसमन्द, थुराना, कैमरी तथा सातरोड़ (रेल हेड) सभी मंडियों में खाद्यान्न एवं स्टॉक आर्टिकल्स के श्रम व ढुलाई तथा परिवहन से सम्बन्धित कार्य हेतू सभी खरीद एजेन्सियों के लिए श्रम एवं दुलाई / परिवहन ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं पुनः आमन्त्रित हैं।

उपरोक्त निविदाएं निम्न प्रकार से नीचे वर्णित तिथि, समय व स्थान पर आमन्त्रित हैः-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | Calling/Closing of tender | Opening of Technical & Financial Bid, Negotiation & Finalization | टैण्डर का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रम व ढुलाई | 05.03.2025 को प्रातः 09:00 बजे से 11.03.2025 सायं 05:00 बजे तक | 12.03.2025 को प्रातः 09:00 बजे (टैक्निकल बिड) 13.03.2025 को प्रातः 10:00 बजे (फाईनैनशियल बिड) | ए.डी.सी., कार्यालय द्वितीय तल लघु सचिवालय, हिसार |
| 2 | परिवहन | 05.03.2025 को प्रातः 09:00 बजे से 11.03.2025 सायं 05:00 बजे तक | 12.03.2025 को प्रातः 09:00 बजे (टैक्निकल बिड) 13.03.2025 को प्रातः 10:00 बजे (फाईनैनशियल बिड) | ए.डी.सी., कार्यालय द्वितीय तल लघु सचिवालय, हिसार |

1. निविदा प्रपत्र तथा विस्तृत नियम एवं शर्ते इस विभाग की वेबसाईट अर्थात http.//haryanafood.nic.in तथा http.//tenders.hry.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है।
2. किसी परेशानी / पूछताछ के मामले में जिला खाद्य एवं पूर्ति नियन्त्रक, हिसार / जिला खरीद एजेन्सी प्रबन्धक के साथ सम्पर्क किया जा सकता है।
3. जिला निविदा समिति बिना किसी कारण को बताए किसी भी / सभी निविदाओं को स्वीकार / रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। निविदा समिति द्वारा निविदा की अंतिम स्वीकृति के पश्चात किसी संचालन हेतू दर की आगे वृद्धि हेतू कोई निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. इसके अतिरिक्त टैण्डरदाता द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेजों में से कोई प्रति स्पष्ट नजर नहीं आती है, तो वह दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा।

हस्ता/- (अमित कुमार)
जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, हिसार
पीआरडीएच-1042/11/52/2025/32609/88/6 दि. 04.03.25


**केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव ने नवरत्न दर्जा मिलने पर दी बधाई**

# भारतीय रेलवे के 7 अजूबे: आईआरसीटीसी और आईआरएफसी भी 'नवरत्नों' में शुमार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) एवं इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन (आईआरएफसी) को नवरत्न कंपनियों के रूप में अपग्रेड करने की मंजूरी दी है। आईआरसीटीसी भारत की 25वीं और आईआरएफसी 26वीं नवरत्न कंपनी बनी है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली दोनों कंपनियों की टीम टीम को नवरत्न का दर्जा मिलने पर बधाई दी। रेल मंत्री ने कहा, हम यह साझा करते हुए प्रसन्नता



महसूस कर रहे हैं कि 2014 के बाद रेलवे के सभी 7 सूचीबद्ध पीएसयू को नवरत्न का दर्जा प्राप्त हुआ है। कामकाज और बैलेंसशीट सहित कई अन्य कसौटियों के कड़े परीक्षण से गुजरने के बाद भारतीय रेलवे की दोनों सार्वजनिक उपक्रम की कंपनियों को केंद्र सरकार मे 'नवरत्न' का दर्जा दिया।

आईआरसीटीसी वर्ष 2025 में खानपान, पर्यटन और ऑनलाइन टिकटिंग सेवाओं में उत्कृष्टता के 25 वर्षों का जश्न मना रहा है। यह विगत कुछ वर्षों में आतिथ्य, यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में निगम की परिचालन उत्कृष्टता का प्रमाण है। कंपनी को नवरत्न दर्जा मिलने की खुशी से कर्मचारियों का हौसला और बेहतर करने के लिए निश्चित रूप से बढ़ा है। भारतीय रेलवे बुनियादी ढांचे का समर्थन करने वाले केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में से एक, आईआरएफसी की यात्रा में नवरत्न का दर्जा मिलना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

### आईआरसीटीसी एक नजर में

*आईआरसीटीसी की वार्षिक आय 4 हजार 270.18 करोड़, शुद्ध लाभ 1, हजार 111.26 करोड़, और नेटवर्थ 3 हजार 229.97 करोड़ वित्त वर्ष 2023-24 में रहा। आईआरएफसी वार्षिक कारोबार 26 हजार 644 करोड़ है, शुद्ध लाभ 6 हजार 412 करोड़ है एवं वित्त वर्ष 2023-24 के लिए इसकी नेटवर्थ 49 हजार 178 करोड़ है।*

### कंपनियों की बल्ले बल्ले

*नवरत्न दर्जा मिलने से पीएसयू कंपनियों को वित्तीय स्वायत्तता मिलती है। कंपनियां संयुक्त उद्यम, सहायक कंपनियाँ बना सकते हैं और प्रत्यक्ष सरकारी हस्तक्षेप की आवश्यकता के बिना विलय या अधिग्रहण कर सकते हैं। नवरत्न दर्जा प्राप्त कंपनियां परिचालन स्वतंत्रता के साथ स्वतंत्र व्यवसाय और निवेश निर्णय ले सकते हैं, जिससे वे निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। उनके पास मानव संसाधन प्रबंधन में अधिक आसान हो जाता है, जिसमें बाजार के अनुसार संबद्ध वेतन पर पेशेवरों को काम पर रखना शामिल है। ऐसी कंपनियां वैश्विक विस्तार की ओर कदम बढ़ाने के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रवेश कर सकते हैं, रणनीतिक गठबंधन बना सकते हैं और सख्त नौकरशाही बाधाओं के बिना वैश्विक स्तर पर विस्तार कर सकते हैं।*


## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई-नीलामी की जाएगी (टेबल अनुसार)। जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई-नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

**नीलामी केटलॉग सं. : UMB-Ctg-03-2025 रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंस फीस प्रारम्भ होने की तिथि व समय : 12.03.2025 को 13:00 बजे**

| क्र. सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-MOT-GMU-69-24-1 (खान पान-जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टाल, प्लेटफार्म नं. 2 पर मलोट रेलवे स्टेशन पर) (Size 10'x 6') | 12.03.2025 को 13:30 बजे |
| 2 | Catg-UMB-GDB-GMU-71-24-1 (खान पान-जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टाल प्लेटफार्म नं. 2 पर गिद्दरबाहा रेलवे स्टेशन पर) (Size 10'x 6') | 12.03.2025 को 13:40 बजे |
| 3 | Catg-UMB-NBA-GMU-63-24-1 (खान पान-जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टाल संख्या नं. 1, प्लेटफार्म नं. 1 पर नाभा रेलवे स्टेशन पर) | 12.03.2025 को 13:50 बजे |
| 4 | Catg-UMB-JUDW-GMU-58-24-1 (खान पान-जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टाल संख्या नं. 2, प्लेटफार्म नं. 2 पर जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर) (Size 10'x 6') | 12.03.2025 को 14:00 बजे |

ई-नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें।

683/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मोदी ने वनतारा वाइल्डलाइफ का किया उद्घाटन, शेरों के साथ बिताए कुछ पल

**(भाजपा ने पीएम मोदी को लेकर एक्स पर किया यह पोस्ट)**

**शावकों को पिलाया दूध और चिंपैंजी-जिराफ के साथ खेले**



**जामनगर।** प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र वनतारा का रविवार को उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने वनतारा की अलग-अलग सुविधाओं का निरीक्षण किया। गुजरात के जामनगर में बना वनतारा संरक्षण केंद्र दो हजार से अधिक प्रजातियों और डेढ़ लाख से अधिक बचाए गए जानवरों का घर है। पीएम मोदी ने वनतारा संरक्षण केंद्र की बेहतरीन पशु चिकित्सा सुविधाओं और दुर्लभ प्रजातियों की जानकारी ली। उन्होंने जानवरों की सर्जरी होते हुए भी देखी। वनतारा पहुंचने के दौरान प्रधानमंत्री ने शेर, बाघ, जिराफ, हाथी और तोते समेत कई जानवरों के साथ वक्त बिताया। पीएम मोदी ने यहां अलग-अलग प्रजाति के शावकों को दूध पिलाया। उन्होंने जिन शावकों के साथ वक्त गुजारा, उनमें एशियाई शावक, सफेद शेर, काराकल शावक और क्लाउडेड तेंदुए के शावक शामिल हैं। पीएम मोदी जिस सफेद शेर के बच्चे को दूध पिलाते दिखे, उसकी मां को रेस्क्यू करके वनतारा में लाया गया था।

## खबर संक्षेप



### मोदी बेल्जियम की राजकुमारी से मिले

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड से मुलाकात की और कहा कि वह व्यापार, प्रौद्योगिकी, रक्षा एवं कृषि जैसे क्षेत्रों में नयी साझेदारियों के माध्यम से दोनों देशों के लोगों के लिए 'असीमित अवसरों के द्वार खुलने' को लेकर आशान्वित हैं। एस्ट्रिड भारत में बेल्जियम के एक उच्च स्तरीय आर्थिक मिशन का नेतृत्व कर रही हैं जो एक से आठ मार्च तक की यात्रा पर है।

### मेक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 फीसदी शुल्क लागू :डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि मेक्सिको एवं कनाडा से आयात पर 25 फीसदी शुल्क मंगलवार से लागू होगा। इससे उत्तर अमेरिका में व्यापार युद्ध की आशंकाएं फिर से पैदा हो गई हैं, जिससे मुद्रास्फीति बढ़ने और विकास में बाधा उत्पन्न होने के संकेत पहले ही मिल चुके हैं। ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा कि कल - कनाडा पर 25 प्रतिशत और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा और इसकी शुरुआत हो जाएगी।

### बांग्लादेश व भारत में बस गलतफहमी दूर करनी है



**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ संबंधों को मजबूत बताते हुए, दोनों देशों के बीच बढ़ती गलतफहमियों को दूर करने की कोशिशों का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश और भारत के रिश्ते मजबूत हैं और इन पर कोई असर नहीं पड़ा है, हालांकि कुछ विवाद जरूर पैदा हुए हैं, जिनका कारण उन्होंने गलत जानकारी और प्रचार बताया। एक इंटरव्यू में यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच ऐतिहासिक, राजनीतिक और आर्थिक संबंध इतने गहरे हैं कि उन्हें बदल पाना मुश्किल है।

**6 दिवसीय यात्रा: जयशंकर लंदन पहुंचे, यूके, आयरलैंड दौरा का करेंगे**

# भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते समेत द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ लंदन

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ब्रिटेन और आयरलैंड के 6 दिवसीय विदेश दौरे पर मंगलवार को यूके पहुंच गए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता की प्रगति पर चर्चा की।

जयशंकर ने ब्रिटेन और आयरलैंड की अपनी छह दिवसीय यात्रा की शुरुआत में अपनी पहली दो आधिकारिक बैठकों के बारे में सोशल मीडिया पर जानकारी दी। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना है। रेनॉल्ड्स से मुलाकात के बाद जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'हमने एफटीए वार्ता की प्रगति पर चर्चा की। पिछले महीने ब्रिटेन के मंत्री की दिल्ली यात्रा के दौरान भारत और ब्रिटेन ने आधिकारिक तौर पर वार्ता पुनः शुरू की थी, जिसका उद्देश्य 41 अरब पाउंड की वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी को बढ़ावा देना था। ब्रिटेन की गृह मंत्री यवेट कूपर के साथ जयशंकर की बैठक में दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संबंधों को बढ़ाने और अतिवाद से निपटने के लिए भारत-ब्रिटेन के संयुक्त प्रयासों पर चर्चा हुई।

**जयशंकर की ब्रिटेन के मंत्रियों- जोनाथन रेनॉल्ड्स, यवेट कूपर से मुलाकात**





### 8 को प्रवासी समुदाय को संबोधित करेंगे

विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्री शुक्रवार को ब्रिटेन लौटने के बाद शनिवार को उत्तरी इंग्लैंड के मैनचेस्टर शहर में भारत के एक और वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करेंगे। आठ मार्च को मैनचेस्टर के 'ओल्ड ट्रैफर्ड' स्टेडियम में प्रवासी समुदाय के लिए एक कार्यक्रम आयोजित होने की उम्मीद है। इसी दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी है।

### आज 'भारत का उदय और विश्व में भूमिका' सत्र में लेंगे हिस्सा

बुधवार शाम को जयशंकर लंदन के 'चैथम हाउस' थिंक टैंक में 'भारत का उदय और विश्व में भूमिका' विषय पर एक सत्र में भाग लेंगे। बृहस्पतिवार को उनके डबलिन में आयरलैंड के अपने समकक्ष साइमन हैरिस और आयरलैंड में भारतीय समुदाय के सदस्यों से मिलने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने कहा, ‡भारत और आयरलैंड के बीच साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, सांस्कृतिक संबंधों और बढ़ते आर्थिक संबंधों पर आधारित मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंध हैं। विदेश मंत्री शुक्रवार को उत्तरी आयरलैंड के बेलफास्ट में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने के लिए ब्रिटेन लौटेंगे।

### सीडीएस जनरल चौहान ऑस्ट्रेलिया दौरे पर



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान सोमवार से ऑस्ट्रेलिया के चार दिनी दौरे पर हैं। यहां वह ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष सैन्य अफसरों से मिलेंगे व हिंद-प्रशांत समेत द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों पर चर्चा करेंगे। यात्रा के दौरान वह ऑस्ट्रेलियाई सशस्त्र बलों के कई सैन्य प्रतिष्ठानों का दौरा करेंगे। रक्षा मंत्रालय नें कहा यह यात्रा दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों को रेखांकित करती है, जो रणनीतिक साझेदारी के तहत राजनयिक-सैन्य सहयोग को मजबूत करेगी।

#### ऑस्ट्रेलियाई रक्षा कॉलेज का दौरा करेंगे

चौहान ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल के सैन्य नेतृत्व के साथ चर्चा करेंगे, जिसमें उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष जनरल एडमिरल डेविड जॉनसन, रक्षा सचिव ग्रेग मोरियार्टी और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल होंगे। संयुक्त ऑपरेशन के संभावित अवसरों पर चर्चा करने के लिए वह फोर्स कमांड मुख्यालय का दौरा करेंगे। सीडीएस चौहान ऑस्ट्रेलियाई रक्षा कॉलेज का भी दौरा करेंगे।

**रक्षामंत्री ने सम्मेलन को किया संबोधित**

# गृह मंत्रालय और डीआरडीओ मिलकर काम करें: राजनाथ



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आधुनिक विश्व में तेजी से विकसित होती सुरक्षा चुनौतियों के मध्य आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के बीच जुड़ाव बढ़ रहा है। इस परिदृश्य में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को समग्र रूप में देखते हुए हमारे संस्थान एक मजबूत, सुरक्षित और आत्मनिर्भर राष्ट्र के लिए एक-दूसरे का सहयोग लेकर काम करें। उन्होंने देश के सुरक्षा तंत्र को साइबर, हाइब्रिड युद्ध, अंतरिक्ष आधारित चुनौतियों और वैश्विक संगठित अपराध जैसे उभरते हुए खतरों के हिसाब से अनुकूल होना चाहिए। उन्नत प्रणालियों और प्रौद्योगिकी का लाभ न केवल सुरक्षा अभियानों के लिए बल्कि आपदा प्रबंधन और मानवीय राहत के लिए भी उठाया जाना चाहिए। उन्होंने गृह मंत्रालय और डीआरडीओ से एक साथ मिलकर काम करने का आग्रह भी किया। रक्षा मंत्री ने उक्त विषय पर 4 मार्च को राजधानी में गृह मंत्रालय और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए गए दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में यह जानकारी दी।

### प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया

सम्मेलन में सात तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें वामपंथी उग्रवाद, सीमा प्रबंधन, उन्नत हथियार प्रौद्योगिकी, ड्रोन और ड्रोन रोधी समाधान, आपदा प्रबंधन, पुलिस व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण व भविष्य की संचार प्रौद्योगिकी जैसे विषय शामिल हैं। रक्षा मंत्री ने कार्यक्रम से इतर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसमें भारतीय रक्षा उद्योग के सहयोग से डीआरडीओ द्वारा विकसित की गई प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित किया गया था। तीन अहम दस्तावेज भी जारी किए। डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ.समीर वी कामत ने कहा कि संगठन द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों से 100 से अधिक उत्पाद गृह मंत्रालय की तमाम एजेंसियों में शामिल किए जा चुके हैं या जल्द शामिल किए जाएंगे।

### तेलंगाना टनल हादसा, क्षतिग्रस्त कन्वेयर बेल्ट चालू हुआ

**नागरकुर्नूल।** तेलंगाना के नागरकुर्नूल में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढहा था। इस दौरान टनल में मौजूद कन्वेयर बेल्ट भी क्षतिग्रस्त हो गया था। 11 दिन बाद रेस्क्यू में जुटी टीमों ने इसे ठीक कर लिया है। अब टनल से हर घंटे 800 टन मलबा निकाला जा सकेगा। टनल में 8 मजदूरों ने अभी तक संपर्क नहीं हो सका है। ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार में जहां मजूदरों के होने की जानकारी मिली थी, उन जगहों पर ड्रिलिंग चल रही है।

**विश्व मोटापा दिवस पर विशेष**

# आग और घी जैसा रिश्ता है बीमारियों और मोटापे के बीच: चिकित्सा विशेषज्ञ

**नई दिल्ली(भाषा)।** भारतीय परिवारों में चुपके से एक ऐसी बीमारी तेजी से अपने पैर पसार रही है, जिसे सामान्यतः लोग नजर अंदाज कर देते हैं या इसे लेकर 'खाते-पीते घर का' जैसी शेखी बघारते हैं। यह बीमारी है मोटापा (ओबेसिटी)। चिकित्सकों के अनुसार मोटापा महज एक रोग नहीं, बल्कि हृदय रोग, रक्तचाप, हाइपरटेंशन, टाइप-टू मधुमेह जैसी कई बीमारियों की जड़ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस)-5 (2019-21) के अनुसार , 24 प्रतिशत भारतीय महिलाएं और 23 % भारतीय पुरुष अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं। दिल्ली-एनसीआर में 80.7 प्रतिशत लोग मोटापे के शिकार हैं, लेकिन 78.5 प्रतिशत लोग अब भी खुद को सामान्य वजन वाला मानते हैं। विश्व मोटापा दिवस पर विशेष बातचीत में मिनिमल एक्सेस स्मार्ट सर्जरी हॉस्पिटल (मैश) के सर्जन डॉ. सचिन अंबेकर ने कहा कि मोटापा केवल एक सौंदर्य से जुड़ी समस्या नहीं है, बल्कि गंभीर चिकित्सकीय स्थिति है,क्योंकि यह (मोटापा) शरीर की बनावट को प्रभावित नहीं करता है, बल्कि इसका बीमारियों से रिश्ता 'आग और घी' जैसा है।"

### अधिक वजन होता है पहला चरण

डॉ. अंबेकर ने कहा कि ओवरवेट (अधिक वजन) ओबेसिटी (मोटापे) का पहला चरण है। अगर इसी अवस्था में व्यक्ति सजग हो जाए तो वह खुद को मोटापे की चपेट में आने से बचा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि वह अपने बॉडी मास इंडेक्स पर नजर रखे। डब्ल्यूएचओ के अनुसार सामान्य बीएमआई 18.5 और 24.9 के बीच होती है। किसी व्यक्ति के किग्रा में वजन को मीटर वर्ग में ऊंचाई (किग्रा/मी$^2$) से विभाजित करके की जाती है।

### संतुलित भोजन व व्यायाम उपयोगी

एम्स ऋषिकेश की पूर्व कैंसर आहार विशेषज्ञ डॉ. अनु अग्रवाल ने कहा कि छोटे-छोटे उपायों को अपनाकर बचा जा सकता है। संतुलित-समय पर भोजन और दैनिक व्यायाम सबसे उपयोगी हैं। सुबह का नाश्ता जरूर करना चाहिए क्योंकि जब हम इसे 'स्किप' करते हैं तो दोपहर में अधिक खाते हैं जो वजन बढ़ने का कारण बनता हैं

# किसी को मियां-तियां या पाकिस्तानी कहना गलत, पर अपराध नहीं: सुको

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम समुदाय से जुड़ी टिप्पणी को लेकर अहम बात कही। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी व्यक्ति को 'मियां-तियां' और 'पाकिस्तानी' कहना गलत होगा, लेकिन इससे उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अपराध नहीं माना जाएगा। अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 298 (जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने के इरादे से शब्द आदि बोलना) के तहत आरोप से एक व्यक्ति को मुक्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अपीलकर्ता पर उसे 'मियां-तियां' और 'पाकिस्तानी' कहकर उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है। अदालत ने कहा कि निस्संदेह, दिए गए कथन गलत है।

### झारखंड हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती

जस्टिस बी वी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की बेंच झारखंड उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ दायर अपील पर विचार कर रही थी, जिसमें अपीलकर्ता को आरोप मुक्त करने से इनकार कर दिया गया था। मामला उप-विभागीय कार्यालय, चास में एक उर्दू अनुवादक और कार्यवाहक क्लर्क (सूचना का अधिकार) की तरफ से दर्ज एफआईआर से जुड़ा था।

# भारत-नेपाल सीमा पार रेल लिंक परियोजनाओं पर दोनों देशों के बीच हुई दो महत्वपूर्ण बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- नेपाल के प्रतिनिधिमंडल ने रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट लखनऊ व अयोध्या का दौरा किया

भारत और नेपाल के बीच पिछले महीने 27 से 28 फरवरी तक महत्वपूर्ण सीमा पार रेल लिंक परियोजनाओं और द्विपक्षीय रेल सहयोग के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। नई दिल्ली में इस मामले पर 9वीं प्रोजेक्ट स्टीयरिंग कमेटी और 7वें संयुक्त कार्य समूह की दो महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। जिनमें दोनों देशों के बीच जयनगर-बिजलपुरा-बरदिबास और जोगबनी-बिराटनगर ब्रॉड गेज रेलवे लाइन, बिजलपुरा से बरदिबास-नेपाल कस्टम यार्ड से बिराटनगर परियोजना पर जारी कार्य को मुख्य रूप से शामिल किया गया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पहली परियोजना को भारत द्वारा नेपाल को दी गई वित्तीय अनुदान सहायता की मदद से विकसित किया जा रहा है। जबकि दूसरे रेल लिंक की बैठक में दोनों पक्षों ने समीक्षा की। नेपाल ने भारत को यह आश्वासन दिया कि बचे हुए भाग से जुड़े कार्य की जल्द शुरुआत कर उसे पूरा करने के लिए सहयोग प्रदान किया जाएगा। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (डीपीए-3), रोहित रथीस और संयुक्त कार्य समूह में रेल मंत्रालय कार्यकारी निदेशक (ट्रैफिक ट्रांसपोटेशन-फ्रेट) प्रदीप ओझा ने की। जबकि नेपाल से दोनों बैठकों में फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड ट्रांसपोर्ट मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुशील बाबू ढकाल शामिल हुए। बैठक में रक्सौल-काठमांडू ब्रॉड गेज रेल लिंक की अंतिम सर्वे रिपोर्ट, जनकपुर-अयोध्या सेक्शन पर यात्री ट्रेन की शुरुआत के लिए तय मानक प्रक्रिया के अलावा अतिरिक्त रेल लिंक के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श किया गया। दोनों पक्षों ने अतिरिक्त तकनीकी सहयोग बढ़ाने को लेकर सहमति जताई।

**यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि अरिंदम बागची बोले**

# जम्मू-कश्मीर, मणिपुर पर टर्क की टिप्पणियां 'बेबुनियाद- निराधार'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर टर्क की जम्मू-कश्मीर और मणिपुर पर की गई टिप्पणियों को लेकर भारत ने बेहद कड़ी प्रतिक्रिया दी है। यूएन और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत अरिंदम बागची ने कहा कि इस मुद्दे पर टर्क की चिंता व्यर्थ है। उनके द्वारा की गई टिप्पणियां पूरी तरह से बेबुनियाद और निराधार होने के साथ ही जमीनी सच्चाई से कोसों दूर हैं।

उन्होंने कहा कि बड़े स्तर पर हम वैश्विक अपडेट में जटिल मुद्दों के सरलीकरण, व्यापक और सामान्यीकृत टिप्पणियों, कमजोर शब्दावलियों के प्रयोग और स्थितियों को चुनिंदा रूप से प्रयोग करने पर चिंतित हैं। अरिंदम ने कहा कि वैश्विक अपडेट को 'वास्तविक अपडेट' की जरूरत है।

**यूएन मानवाधिकार प्रमुख के बयानों पर चढ़ी भारत की त्योरियां**



### यह है वोल्कर का बयान

वोल्कर टर्क ने बीते सोमवार को जिनेवा में यूएन मानवाधिकार परिषद के 58वें नियमित सत्र में वैश्विक अपडेट में भारत का नाम लेकर कश्मीर और मणिपुर का उल्लेख किया था। मणिपुर को लेकर उन्होंने वहां हुई हिंसा और उससे जुड़े विस्थापन का हल निकालने के लिए संवाद, शांति स्थापना और मानवाधिकारों के तहत प्रयासों को बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही जम्मू-कश्मीर को सिर्फ कश्मीर के रूप में संबोधित करने पर ऐतराज जताते हुए कहा कि वह कश्मीर व अन्य जगहों पर मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, स्वतंत्र पत्रकारों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कानूनों के जरिए लगाई जाने वाली रोक और उत्पीड़न से चिंतित हैं।

### विविधता, खुलेपन की संस्कृति को समझना जरूरी

बागची ने अपने जवाब की शुरुआत करते हुए कहा, क्योंकि भारत का नाम लेकर टिप्पणियां की गई हैं। इसलिए मैं सबसे पहले जोर देकर यह कहना चाहूंगा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत है। जो एक स्वस्थ, जीवंत और बहुलवादी समाज बना हुआ है। हम हमारे देश की विविधता और खुलेपन की सभ्यता कालीन संस्कृति को बेहतर ढंग से समझने का अनुरोध करेंगे। यह हमारे मजबूत और ज्यादातर शोरगुल वाले नागरिकों के स्थान को परिभाषित करता है।भारत की आम जनता ने हमारे बारे में की जाने वाली ऐसी सभी चिंताओं को हर बार गलत साबित किया है। उन्होंने एक बुनियादी ढांचे के रूप में भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को प्रस्तुत करते हुए कहा कि इसकी सबसे बड़ी ताकत देश का लोकतंत्र और संस्थान हैं।

### कश्मीर नहीं, जम्मू-कश्मीर कहिए

भारत के राजदूत ने वोल्कर टर्क के जम्मू-कश्मीर को महज कश्मीर कहकर संबोधित करने को एक विडंबना करार दिया और कहा यह वैश्विक अपडेट में हुई एक गलती है। मौजूदा वर्ष 2025 क्षेत्र में शांति और समावेशी प्रगति के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष रहा है। जिसमें प्रांतीय चुनावों में मतदाताओं द्वारा बढ़चढ़कर की गई भागीदारी, पर्यटन उद्योग में तेजी से लेकर तीव्र गति से होता विकास मुख्य रूप से शामिल है।

**बाल्कन देश में राजनीतिक तनाव और बढ़ा**

# सर्बिया की संसद में 'स्मोक बम' फेंका गया, तीन सांसद घायल

एजेंसी ▶▶ बेलग्रेड

सर्बिया की संसद में मंगलवार को हुए हंगामे के दौरान तीन सांसद घायल हो गए। इस दौरान 'स्मोक बम' फेंके गए। इस घटना के बाद बाल्कन देश में राजनीतिक तनाव और बढ़ गया है। सदन की कार्यवाही के दौरान सांसदों को विश्वविद्यालय शिक्षा के लिए वित्त पोषण बढ़ाने वाले कानून पर मतदान करना था, लेकिन विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पक्ष दर्जनों अन्य निर्णयों को भी मंजूरी दिलाने की योजना बना रहा है। यह अवैध है और सांसदों को पहले प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक और उनकी सरकार के इस्तीफे की पुष्टि करनी चाहिए। सर्बिया के कानून के तहत प्रधानमंत्री के इस्तीफे की पुष्टि संसद से होनी आवश्यक है।

### इजराइल की संसद में घुसी भीड़, सुरक्षा बलों ने रोकने के लिए किया बल प्रयोग

**यरुशलम।** इजराइल के नेसेट में हिंसा भड़क उठी, जब सुरक्षा गार्डों ने 7 अक्टूबर के हमले के पीड़ितों के परिवारों को पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के भाषण के दौरान आगंतुकों की गैलरी में प्रवेश करने से रोक दिया। वीडियो में बंधकों के रिश्तेदारों को धक्का देते, मारते और घसीटते हुए दिखाया गया है, जिनमें से कुछ को चिकित्सा की आवश्यकता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25